卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 56 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦2 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टिकी नजर

### हजारों लोगों की किस्मत का होगा फैसला, चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बनभूलपुरा में रेलवे विभाग की 30 हेक्टेयर अतिक्रमित भूमि पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने वाला जिसको लेकर सबकी निगाह सुप्रीम कोर्ट पर टिकी है। फैसले के मद्देनजर प्रशासन ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह कड़ा कर दिया है और भारी पुलिस बल तथा पैरामिलिट्री फोर्स को तैनात किया गया है। आज सुबह से ही हल्द्वानी छावनी में तब्दील रहा। एसएसपी समेत तमाम अधिकारी सुरक्षा व्यवस्थों पर नजर बनाये रहे। बता दें बनभूलपुरा



और इसके आसपास रेलवे की भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने का मामला लगभग दो दशक से चल रहा है। 19 साल पहले स्टेशन के आसपास प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया भी था लेकिन हदबंदी न करने के कारण बाद के वर्षों में फिर से यहां अतिक्रमण हो गया। बता दें कि रेलवे की ओर से कहा गया कि हल्द्वानी में रेलवे की 29 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण किया गया है जिनमें करीब 4365 अतिक्रमणकारी जमे हैं। याचिकाकर्ता रविशंकर जोशी बताते हैं कि बनभूलपुरा और गफूरबस्ती क्षेत्र मेंरेलवे भूमि से अतिक्रमण हटाने (शेष पृष्ठ सात पर)

## सेना का अंग बने 603 अग्निवीर

रानीखेत(उद संवाददाता)। कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर (केआरसी) मुख्यालय में भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा में एक नया अध्याय जुड़ गया। 603 अग्निवीर नवसैनिक, जिन्होंने अग्निपथ योजना के तहत फर्ज के पथ पर कदम रखा, भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। करीब 31 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण से गुजरकर निखरे ये नवसैनिक जब बहादुरगढ़ के द्वार से बाहर कदम रखते हैं, तो हर एक के रोम-रोम में देशसेवा का जज्बा झलकता है। केआरसी कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने कसम परेड की सलामी ली और नवसैनिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि फौजी बनकर देशसेवा का



अवसर किस्मत वालों को ही मिलता है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर जो भी मोर्चा संभालें, वे रेजिमेंट का नाम ऊंचा करें। केआरसी मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक सोमनाथ ग्राउंड मंगलवार को अग्निवीर नवसैनिकों के छठे बैच की कसम परेड का साक्षी बना। सात माह की कठोर ट्रेनिंग और देशसेवा की अग्निपरीक्षा में तपकर निकले इन नवसैनिकों ने जोश, जज्बा और जुनून के साथ कदमताल की। इस परेड ने अन्य युवाओं को भी फौज में भर्ती होकर देशसेवा की प्रेरणा दी। अंतिम पग भरते ही अग्निवीर नवसैनिकों ने देश की आन, बान और शान की रक्षा करने और जरूरत पड़ने पर मां भारती के लिए अपना सर्वस्व (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्कूल बस ने स्कूटी सवार महिला को रौंदा, मौत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर मार्ग पर स्कूटी पर सवार होकर जा रही महिला को स्कूल बस ने टक्कर मारकर रौंद दिया। जिससे महिला बस की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने ने मौजूद लोगों से घटना की जानकारी ली । बाद में चिकित्सालय में जाकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बालाजी पुरम कालोनी तीन पानी डाम निवासी 35 वर्षीय अनीता चौरसिया पत्नी रामशरण फुलसुंगा में बच्चों को बस में बैठाकर स्कूटी से घर वापस लौट रही थी। मार्ग में दक्ष चौक से 100 मीटर फूलसुँगा की ओर जाते समय स्कूल बस चालक ने स्कूटी को जोर से टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार अनीता बस से कुचलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को देकर गई अनीता को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बस चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। (शेष पृष्ठ सात पर)

## पिकअप डिवाईडर से भिड़ी ,एक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सोमवार की रात्रि काशीपुर मार्ग पर तीव्र गति से जाते पिकअप वाहन के डिवाईडर से टकरा जाने से उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम सिरसा सिसैया थाना दातागंज बदायूं निवासी 23 वर्षीय प्रदीप पुत्र बनवारी सिंह अपने दो भाईयों के साथ यहां रम्पुरा में किराये पर रहता था और सभी विवाह समारोहों में कांउटर लगाने का काम करते थे। बताया जाता है कि सोमवार की रात्रि प्रदीप तीनपानी से कांउटर लेकर पिकअप वाहन में रखकर काशीपुर मार्ग की ओर दूसरी बुकिंग में जा रहा था। जब वाहन सोब्ती होटल के पास पहुंचा तो वाहन चालक अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क के किनारे डिवाईडर से तेजी से जा टकराया। इस दुर्घटना में प्रदीप और चालक दोनों गंभीर रूप से घायल (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक का शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता )। ग्राम छतरपुर में ट्रेन की पटरी पर अज्ञात युवक का शव पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलने पर सिडकुल पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण वहां खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी ली। मृतक युवक की मौके पर शिनाख्त न होने से पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 28 वर्ष बताई जा रही। जानकारी के अनुसा आज प्रात: निटवर्ती ग्राम छतरपुर में राह गुजरते लोगों ने रेल पटरी पर एक युवक को बेसुध हालत मे पड़ा देखा। वहां लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर एसआई अनिल मेहता पुलिस कर्मियों के (शेष पृष्ठ सात पर)

## तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत

बाजपुर। पिपलिया मार्ग पर तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। रविवार देर रात शादी में शामिल होकर गांव चकरपुर निवासी अंकुश सूरी परिवार के साथ कार से पिपलिया मार्ग से वापस घर लौट रहे थे। उन्होंने सड़क पर तेंदुआ बैठा देखा। कार की लाइट पर तेंदुआ सड़क किनारे एक पेड़ की साइड में चला गया। सोमवार को फिर इसी मार्ग पर ग्रामीणों ने तेंदुआ देखा। जिससे ग्रामीण दहशतजदा है। पिपलिया मार्ग काशीपुर जाने का कम दूरी वाला मार्ग है।अधिकांश बाइक, स्कूटी और ई रिक्शा सहित अन्य वाहन इसी मार्ग से गुजरते है।

## संदिग्ध हालातों में किशोर लापता

रुद्रपुर। शहर के प्रबल इन्क्लेव, बागबाड़ा निवासी भवानी शंकर ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका 15 वर्षीय पुत्र रचित, जो गाजियाबाद के पिलकुखा का रहने वाला है और गौरंग शिक्षा दल गुरुकुल में अध्ययन करता है, 30 नवंबर 2025 को स्कूल के लिए निकला और वापस नहीं आया। भवानी शंकर ने बताया कि सुबह लगभग 9:30 बजे उन्होंने रचित को ऐडवेस स्कूल के निकट दक्ष चौक पर छोड़ दिया था। रचित ने कहा था कि वह दोपहर 12:30 बजे तक वापस आ (शेष पृष्ठ सात पर)

## फर्जी पुलिस अफसर ने महिला से ठगे 1.20 लाख

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। फर्जी पुलिस अधिकारी ने एक महिला से बेटे को रेप केस से बचाने का झांसा देकर 1. 20 लाख रूपये ठग लिये। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साईबर सेल को दी तहरीर में महिला ने बताया कि 29 नवंबर 2025 को उनके मोबाइल पर व्हाट्सऐप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया और डरावनी जानकारी दी कि उनका बेटा अश्विन डोगरा वकील की लड़की के साथ रेप के केस में फंस गया है जिसके साथ और 3 लड़के भी है जिनको 8 साल की सजा हो गयी है, आपका बेटा इनका दोस्त है । इसके बाद बेटे को फोन करने वालो ने मारा रोने की आवाज और बोलना बिल्कुल बेटे जैसा ही था। पुलिस ऑफिसर ने कहा कि आप अपने बेटे को जेल जाने से बचाना चाहते हो तो 2 लाख (शेष पृष्ठ सात पर)

## ड्राई फ्रूट बेचने के नाम पर 57 हजार की साईबर ठगी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति ने फर्जी ड्राई फ्रूट विक्रेता बनकर एक वरिष्ठ नागरिक से पचास हजार से अधिक की रुपये की धोखाधड़ी की। शिकायतकर्ता भगवान दास ने बताया कि 19 नवंबर 2025 को उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर उन्हें ड्राई फ्रूट भेजने की बात कही और आधी राशि तत्काल जमा करने के लिए कहा। उन्होंने तुरंत 1,080 रुपये भेज दिए। इसके बाद 23 नवंबर 2025 को उसी नंबर से पुन: संपर्क कर बताया (शेष पृष्ठ सात पर)

## दबंग उठा ले गए हॉट मिक्स प्लांट से सामान

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली अंतर्गत आनंदपुर क्षेत्र में हॉट मिक्स प्लांट पर दबंगों द्वारा कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करते हुए दबंगई दिखाने का मामला प्रकाश में आया है। आप है कि दबंगों ने प्लांट पर रखे सैकड़ो लीटर केमिकल से भरे टैंक को उठा लिया और जबरन अपने साथ ले गए। टैंक ले जाए जाने के चलते सरकारी रोड निर्माण का कार्य बीच में बंद हो गया। पीड़ित प्लांट प्रबंधन ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक नामजद सहित आधा दर्जन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में पिथौरागढ़ निवासी चंद्र सिंह तोमक्याल पुत्र दीवान सिंह तोमक्याल ने बताया कि कोतवाली अंतर्गत आनंदपुर गांव में उसका हॉट मिक्स प्लांट है। घटना के अनुसार विगत 25 नवंबर की शाम करीब एक फार्म स्वामी सहित आधा दर्जन अन्य लोग तीन गाड़ियों से (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'चट मंगनी पट ब्याह' की तर्ज पर कांग्रेस में हो सकती है ठुकराल की एंट्री

### तो इसलिए 'कांग्रेस की भाषा' बोलने लगे हैं 'ठुकराल',ठुकराल का कांग्रेस प्रवेश की पृष्ठभूमि लगभग तैयार

**-अर्श-**

रुद्रपुर। अपनी बेबाक बोली एवं धाकड़ कार्यशैली के कारण अक्सर सुर्खियों में रहने वाले रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, इन दिनों भारतीय जनता पार्टी पर कांग्रेस की शैली में आक्रमण करने को लेकर एक बार फिर सुर्खघ्यिों में है।पिछले दो - तीन दिन से सोशल मीडिया पर पूर्व विधायक ठुकराल का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर ऐन किसी विपक्षी नेता की तरह पैसे लेकर अपना टिकट काटने का आरोप लगाया है। टिकट कटने पर भाजपा से बगावत करने के बाद से लेकर अब से कुछ दिन पहले तक राजकुमार ठुकराल ने भारतीय जनता पार्टी पर कभी भी कोई सीधा आरोप नहीं लगाया था, लिहाजा पैसा लेकर टिकट काटने से संबंधित ठुकराल के आरोप पर राजनीतिक प्रेक्षकों का ध्यान केंद्रित होना स्वाभाविक था। राजनीतिक प्रेक्षकों का एक वर्ग यह मान रहा है कि अब राजकुमार की भाजपा से आस लगभग टूट चुकी है, इसलिए वह भाजपा के ऊपर सीधे तौर पर हमलावर है। वही,





राजनीतिक प्रेक्षकों का दूसरा वर्ग ठुकराल की बयान बाजी को ठुकराल के लिए किसी अन्य राजनीतिक दरवाजे के खुलने से जोड़कर देख रहा है। पिछले चार- छह मास के कालखंड पर दृष्टिपात करें ,तो ठकराल के लिए किसी अन्य राजनीतिक दरवाजे के खुलने की थ्योरी कुछ ज्यादा मजबूत दिख पड़ती है। वह इसलिए, क्योंकि राजकुमार ठुकराल की नजदीकियां किच्छा के कांग्रेसी विधायक के साथ दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है ।अभी कुछ दिनों पहले ही ठुकराल किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के धरने को समर्थन देने के लिए आधी रात पंतनगर पहुंचे थे, तभी से सियासी हलकों में यह माना जाने लगा था कि ठुकराल और बेहड़ की यह जुगलबंदी कोई ना कोई गुल अवश्य ही खिलाएगी। और अब राजकुमार ठुकराल के बयान और भाजपा के प्रति बदली उनकी भाषा शैली भी कहीं ना कहीं यही संकेत दे रही है कि ठुकराल के लिए एक अन्य राजनीतिक विकल्प का दरवाजा शीघ्र ही खुलने जा रहा है। कांग्रेस के भीतरी सूत्रों की अगर माने, तो राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस प्रवेश की पृष्ठभूमि तैयार करने में किच्छा विधायक बेहड़ के अलावा बिलासपुर के एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भी एक अहम भूमिका हैं । सूत्र बताते हैं कि देश और प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी (शेष पृष्ठ सात पर)

# संस्कृत उत्थान के लिए उच्च स्तरीय आयोग का होगा गठन: सीएम

## दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न देशों के विद्वानों ने किया भारतीय ज्ञान परंपरा पर मंथन

हरिद्वार (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने संस्कृत भाषा के उत्थान एवं विकास हेतु एक उच्च स्तरीय आयोग के गठन की घोषणा की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और विद्वानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि "भारतीय ज्ञान परंपरा- वैश्विक ज्ञान के विकास में संस्कृत का योगदान" जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित यह सम्मेलन भारतीय सभ्यता की गौरवमयी जड़ों को विश्व पटल पर मजबूती से प्रस्तुत करता है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में भारत सहित विभिन्न देशों के विद्वानों द्वारा संस्कृत की समृद्ध ज्ञान-परंपरा पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा, जो एक प्रेरणादायी पहल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनके लिए संस्कृत भाषा हमेशा से आज भी स्मरण में है। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं बल्कि संस्कृति, परंपरा, ज्ञान और विज्ञान का आधार है, जिसने प्राचीन मानव सभ्यताओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि विश्व की अनेकों भाषाओं की जड़ें संस्कृत से जुड़ी हुई हैं। वेद, पुराण, उपनिषद, आयुर्वेद, योग, दर्शन, गणित, साहित्य, विज्ञान और खगोलशास्त्र जैसे सभी प्राचीन ग्रंथ संस्कृत में रचे गए, जिसने भारत की वैचारिक धरोहर को समृद्ध किया। मुख्यमंत्री ने 18वीं और 19वीं शताब्दी में यूरोपीय विद्वानों द्वारा संस्कृत साहित्य में बढ़ती रुचि का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और वल्लभी जैसे विश्वविद्यालयों ने संस्कृत आधारित ज्ञान को विश्व में प्रसारित किया, जहाँ से चरक, सुश्रुत, आर्यभट्ट, भास्कराचार्य, चाणक्य, ब्रह्मगुप्त और पाणिनि जैसे महान विद्वानों ने जन्म लिया। संस्कृत केवल विज्ञान की में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु कई सार्थक प्रयास जारी हैं। नई शिक्षा नीति में संस्कृत को आधुनिक और व्यवहारिक भाषा के रूप में स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया है। ई-संस्कृत शिक्षण



प्लेटफॉर्म, मोबाइल एप्स, ऑनलाइन साहित्य उपलब्धता जैसी पहलों से संस्कृत को नई पीढ़ी तक सरल रूप में सरकार द्वारा हाल ही में लोकसभा की कार्यवाही के संस्कृत अनुवाद की पहल भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने बताया कि देवभूमि उत्तराखंड सदियों से संस्कृत का केंद्र रहा है। राज्य में संस्कृत को द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्रदान करना इसी विरासत का सम्मान है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संस्कृत बालिका छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से संस्कृत विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को प्रति माह 251 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। डॉ. भीमराव अंबेडकर एससी/एसटी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत संस्कृत विषय के एससी/एसटी विद्यार्थियों को समान आर्थिक सहायता दी जा रही है। संस्कृत छात्र प्रतिभा सम्मान योजना के तहत हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 5100, 4100 और 3100 रुपए की पुरस्कार राशि दी जा रही है। इसके साथ ही उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय और श्री रघुनाथकीर्ति केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा अखिल भारतीय शोध सम्मेलन, वेद सम्मेलन, ज्योतिष सम्मेलन, संस्कृत शिक्षक कौशल विकास कार्यशालाएँ संस्कृत ग्राम स्थापित करने का संकल्प लिया है, जिससे देववाणी संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास और मजबूत होंगे। साथ ही संस्कृत विद्यार्थियों के लिए सरकारी सहायता, शोध कार्यों में सहयोग और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की पावन भूमि, जिसने वेदों और ऋषि-मुनियों के ज्ञान को जन्म दिया, वहाँ संस्कृत को समृद्ध करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एक दिन संस्कृत केवल पूजा-पाठ की भाषा न रहकर आम बोलचाल की भाषा के रूप में भी स्थापित होगी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल, विधायक आदेश चौहान, प्रदीप बत्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद, विदेश सचिव (भारत सरकार) मीना मल्होत्रा, सचिव संस्कृत उत्तराखंड दीपक गैरोला, संस्कृत विश्वविद्यालय कुलपति दिनेश





प्रेरणा का विषय रही है। उन्होंने विद्यालयी शिक्षा के दौरान कक्षा 9 तक संस्कृत का अध्ययन किया और उस दौरान सीखे गए श्लोक, व्याकरण एवं भाषा की मधुरता भाषा नहीं, बल्कि नीति, मानवीय मूल्यों और वैश्विक बंधुत्व का संदेश देने वाली भाषा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश पहुंचाया जा रहा है। कर्नाटक के मट्टूर गांव का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृत आज भी दैनिक जीवन की भाषा बन सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्र विद्यालयों में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि गार्गी एवं छात्र प्रतियोगिताओं जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने प्रत्येक जनपद में आदर्श चंद्र शास्त्री, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल सहित विभिन्न देशों से आए वक्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बेहड़ ने दरऊ चौक पर कट खोलने की उठाई मांग

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा बरेली रोड पर दरऊ चौक पर लगाए गए बैरिकेड और कट को खोलने की मांग को लेकर विधायक तिलक राज बेहड़ ने जिलाधिकारी उधमसिंह नगर, परियोजना निदेशक एनएचआई, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और उपजिलाधिकारी किच्छा को पत्र लिखा। विधायक ने बताया कि कुछ दिन पूर्व किच्छा व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने उनसे मुलाकात की थी और प्रतिनिधि मंडल की चिंता से वे पूरी तरह सहमत हैं। दरऊ चौक पर बैरिकेड लगाने के कारण वाहनों को चौराहे के दोनों तरफ बने कट से मुड़ना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं की घटनाएँ बढ़ रही हैं। विधायक ने कहा कि इस कट पर हुए एक्सीडेंट में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। बेहड़ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वे पहले भी दिनांक 21 अप्रैल और 5 मई 2025 को संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में अवगत करा चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने उनकी मांग को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि शहर के मुख्य चौराहे को बंद करना यातायात नियमों के विपरीत है और यह स्थायी समाधान नहीं है। विधायक ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए सुझाव देते हुए कहा कि चौक पर गोलचक्कर बनाया जाना चाहिए, चौक से पहले चारों तरफ स्पीड ब्रेकर दुरुस्त किए जाएँ, रेड लाइट लगाई जानी चाहिए, यातायात संबंधित बोर्ड उचित स्थान पर लगाए जाएँ और चौराहे पर यातायात कर्मचारियों की स्थायी नियुक्ति की जानी चाहिए।

# मुख्य सचिव ने खेल प्रतिभाओं को किया सम्मानित

चंपावत(उद संवाददाता)।मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन आनन्द बर्द्धन ने चम्पावत जनपद की उभरती खेल प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया।इस अवसर पर विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों एवं कोच को मेडल एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।मुख्य सचिव ने चम्पावत की उभरती (नेशनल) प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए प्रिंस खोलिया (ब्रॉन्ज मेडल), दीपांशु जोशी (सिल्वर मेडल), अक्षत बोहरा (ब्रॉन्ज मेडल), अंशिका धामी (नॉर्थ इंडिया गोल्ड मेडल) और हर्षित थापा (जूनियर नेशनल ब्रॉन्ज मेडल) को एक साथ सम्मानित किया।इसके साथ ही अर्जुन सिंह एवं तुषार भट्ट को विद्यालय स्तर से नेशनल प्रतियोगिताओं हेतु चयनित श्री विजय रावत को भी खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु शॉल एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।उन्होंने



होने पर सम्मानित किया गया।मुख्य सचिव ने खिलाड़ियों के व्यक्तिगत कोच श्री ललित कुंवर एवं कराटे कोच जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री चंदन सिंह बिष्ट को भी खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए शुभकामनाएँ दीं।पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु मुख्य सचिव ने बूम फॉरेस्ट गेस्ट हाउस परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हरसिंगार (पारिजात) का पौधा रोपा।कुमाऊँ कमिश्नर श्री दीपक रावत ने भी इस अवसर पर रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया।मुख्य सचिव ने कहा कि खेल और पर्यावरण-दोनों ही क्षेत्र समाज को नई दिशा देते हैं, इसलिए युवाओं को स्वस्थ वातावरण और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।इस दौरान जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, अपर जिलाधिकारी श्री कृष्णनाथ गोस्वामी, सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने चम्पावत में विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

टनकपुर (उद संवाददाता)।मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन, श्री आनन्द बर्द्धन ने आज टनकपुर/शारदा बैराज, शारदा घाट, किरोड़ा नाला, बूम, बाटनागाड़ एवं श्यामलाताल क्षेत्र का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण कर विकास एवं बाढ़ सुरक्षा कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। टनकपुर/शारदा बैराज के निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने यहां पर्यटन एवं एरो स्पोर्ट्स की संभावनाओं की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्रिडकुल के अधिकारियों से 480 मीटर लम्बे स्पान पुल की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा निर्माण कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मुख्य सचिव श्री बर्द्धन ने बूम व बाटनागाड़ क्षेत्रों में हो रहे भू-कटाव का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों को पूर्ण चौनलाइजेशन के बाद प्रभावी बाढ़ सुरक्षा कार्य करने के निर्देश दिए। शारदा नदी के तट पर पहुंचकर उन्होंने सिंचाई विभाग को कार्ययोजना तैयार करने के लिए कहा।माँ पूर्णागिरि धाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव ने बाटनागाड़ क्षेत्र का निरीक्षण किया और मार्ग सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की परिकल्पना अनुसार चम्पावत जनपद में विकसित किए जा रहे Spiritual Economic Zone एवं Eco Tourism को मजबूत करने हेतु मुख्य सचिव ने श्यामलाताल का निरीक्षण किया।यहां उन्होंने कृषि, उद्यान एवं एनआरएलएम द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा लाल चावल, लाल धान, मधुमक्खी पालन, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन और बाजार उपलब्धता बढ़ाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने मुख्य सचिव को श्यामलाताल सहित सभी स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।निरीक्षण के दौरान कुमाऊं मंडलायुक्त श्री दीपक रावत, जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी. एस. खाती, अपर जिलाधिकारी श्री कृष्णनाथ गोस्वामी, सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।







# कैंसर पीड़ित की जिंदगी बचाने को महापौर ने बढ़ाया मदद का हाथ

## सुशीला तिवारी अस्पताल में ईलाज कराने की हुई व्यवस्था

रुद्रपुर। मानवता की मिसाल पेश करते हुए महापौर विकास शर्मा ने रम्पुरा के एक अत्यंत निर्धन कैंसर पीड़ित मरीज की मदद के लिए आगे आते हुए न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की, बल्कि सुशीला तिवारी अस्पताल में उसके उपचार की सरकारी स्तर पर व्यवस्था भी कराई। सोमवार शाम महापौर विकास शर्मा भाजपा नेता सुरेश कोली के साथ रम्पुरा निवासी कैंसर पीड़ित जगदीश कोली के घर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य तथा पारिवारिक स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। परिवार की दयनीय हालत देख महापौर भावुक हो गये। दरअसल जगदीश कोली का परिवार बेहद कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियां हैं उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड की सीमा



पूरी हो चुकी है, और जो कुछ संभव था वह वे कर्ज लेकर भी इलाज पर खर्च कर चुके हैं। अब आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर हो चुकी है कि वे आगे का उपचार कराने में असमर्थ हैं।स्थिति को देखकर महापौर ने तत्काल सहायता के लिए हाथ बढ़ाया। उन्होंने तात्कालिक जरूरतों को देखते हुए मौके पर ही कुछ आर्थिक मदद उपलब्ध कराई, ताकि परिवार की तात्कालिक आवश्यकताएं पूरी हो सकें और मरीज को प्राथमिक राहत मिल सके। महापौर विकास शर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निजी सचिव भुवन तिवारी से फोन पर वार्ता की। उन्होंने मरीज की स्थिति और आर्थिक असमर्थता की जानकारी देते हुए सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया। भुवन तिवारी ने आश्वस्त किया कि मरीज के इलाज के लिए सरकार से हरसंभव मदद दिलाई जाएगी।मरीज को जल्द से जल्द उपचार उपलब्ध कराने के लिए महापौर ने सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हल्द्वानी के प्राचार्य डॉ. गोविंद तत्रियाल से भी फोन पर बात की। उन्होंने मरीज को मंगलवार को ही अस्पताल में भर्ती कराने तथा नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निवेदन किया। प्राचार्य ने महापौर को आश्वासन दिया कि मरीज के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी और अस्पताल की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कालेज का वार्षिकोत्सव 4 दिसंबर को होगा

रूद्रपुर। चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल तथा वसुंधरा नर्सिंग होम एंड पैरामेडिकल कालेज का वार्षिकोत्सव इस वर्ष 4 दिसम्बर को कालेज परिसर में भव्य रूप से मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। कार्यक्रम को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए पिछले कई दिनों से तैयारी की जा रही है। कालेज के एमडी डा. के. सी. चंदोला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष का वार्षिकोत्सव चार दिसम्बर की शाम 6 बजे से आयोजित किया जाएगा और यह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ओतप्रोत होगा। इस अवसर पर कुमांऊनी कलाकार श्वेता मेहरा सहित साक्षी कला समेत कई कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। डा. चंदोला ने बताया कि कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा भी आकर्षक और रोचक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो कार्यक्रम को और भी मनोरंजक एवं यादगार बनाएंगी। वार्षिकोत्सव में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, महापौर विकास शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। डा. चंदौला ने कहा कि इस वर्ष का वार्षिकोत्सव न केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायक अवसर होगा, बल्कि स्थानीय जनता और कला प्रेमियों के लिए भी आनंदमय कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। सभी तैयारियां पूर्ण होने के साथ ही स्वागत एवं आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष ध्यान दिया गया है।



# विश्व एड्स दिवस पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के दिशा-निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला न्यायाधीश श्री हरीश कुमार गोयल के मार्गदर्शन में सिविल जज (सी0डि0) एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली, नैनीताल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत में एड्स दिवस 2025 की थीम "स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य" के महत्व पर प्रकाश डाला गया। छात्रों को बताया गया कि एड्स से जुड़ी शर्म, भय और सामाजिक दूरी को समाप्त करना अत्यंत आवश्यक है। इस दिवस का उद्देश्य एड्स के बारे में जनजागरूकता बढ़ाना, प्रभावित लोगों का समर्थन करना और महामारी के विरुद्ध समाज को एकजुट करना है। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यक्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें जागरूकता शिविरों का आयोजन, निशुल्क कानूनी सहायता, तथा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शामिल है। सचिव ने स्पष्ट किया कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति आवेदन पत्र के माध्यम से नि:शुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। पॉक्सो एक्ट के संदर्भ में श्रीमती पारुल थपलियाल ने बताया कि यह एक अत्यंत गंभीर अपराध है, जिसमें दोषी पाए जाने पर अपराध की गंभीरता के अनुसार न्यूनतम 3 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को स्वापक औषधि एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत अपराधों और उनसे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। शिविर के दौरान छा़सै। का टोल-फ्री नंबर 15100 भी छात्रों को बताया गया, जिससे वे किसी भी विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य शेखर जोशी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



# विधिक सेवा प्राधिकरण ने आयोजित किया जागरूकता शिविर

बाजपुर(उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाजपुर में अधिवक्ता महिपाल सिंह एवं फार्मासिस्ट विकास गावड़ी की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में पराविधिक कार्यकर्ता शशि गुप्ता ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर की ओर से मिलने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं एवं नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 व राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। प्रभारी प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेरिया दौलत विकास गुआरी ने कहा कि एड्स के शुरुआती लक्षण फ्लू जैसे हो सकते हैं जिसमें बुखार, थकान, सिर दर्द,सूजी हुई ग्रंथियां और त्वचा पर चकत्ते शामिल हैं। ये लक्षण संक्रमण के बाद 2 से 4 सप्ताह में प्रकट हो सकते हैं,और कुछ हफ्तों तक रह सकते हैं। जब एचआईवी का इलाज नहीं होता तो यह एड्स में बदल जाता है,जिनके कारण गंभीर लक्षण और अवसरवादी संक्रमण हो सकते हैं, जैसे कि अचानक वजन घटना,रात में पसीना आना,लगातार दस्त या मुंह और जननांगों पर छाले होना। अधिवक्ता महिपाल सिंह ने कहा कि एड्स एचआईवी संक्रमण का अंतिम और सबसे गंभीर चरण है। एड्स से पीड़ित लोगों में कुछ श्वेत रक्त कोशिकाओं की संख्या बहुत कम हो जाती है और उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो जाती है। उन्हें अतिरिक्त बीमारियों भी हो सकती है जो इस बात का संकेत देती है कि वे एड्स की ओर बढ़ चुके हैं उपचार के बिना एचआईवी संक्रमण लगभग 10 वर्षों में एड्स में बदल जाता है। इस मौके पर ए एन एम जानकी कुंवर, पी एल वी शशि गुप्ता, पी एल वी शिवानी दीपक कुमार, पी एल वी अंजली, पी एल वी संगीता, नर्सिंग अमीषा एवं ऋतू मौजूद रहे।



# महंत राजेंद्र अग्रवाल जी के नाम पर बनेगा स्मृति द्वार: महापौर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत राजेंद्र अग्रवाल जी के धार्मिक क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान को देखते हुए नगर निगम जल्द ही सिंह कालोनी में



उनकी स्मृति में भव्य स्मृति द्वार बनाएगा। महापौर विकास शर्मा से मिलने पहुंचे वार्ड 33 के पार्षद सुशील चौहान ने महापौर विकास शर्मा को ज्ञापन सौंपकर उनके समक्ष महंत राजेन्द्र अग्रवाल जी के नाम से स्मृति द्वार की मांग प्रमुखता से रखी। उन्होंने कहा कि श्री बालाजी मंडल के प्रेरित किया। तराई में उनके मार्गदर्शन से हजारों लोगों ने श्री बालाजी महाराज की



महंत राजेंद्र अग्रवाल जी ने अपना संपूर्ण जीवन आस्था, भक्ति और सेवा को समर्पित किया। उन्होंने लोगों को ईश्वर भक्ति, सद्भाव और संस्कार के मार्ग पर भक्ति अपनाई और समाज में भक्ति की नई चेतना का संचार हुआ। महंत जी की विनम्रता, सेवाभाव और आध्यात्मिक नेतृत्व ने उन्हें लोगों के दिलों में विशिष्ट स्थान दिलाया। समाज के लोगों को जोड़ने का कार्य उन्होंने सद्भाव और प्रेम के साथ किया। महापौर विकास शर्मा ने पार्षद चौहान की मांग को उचित मानते हुए इसे नगर निगम स्तर पर प्राथमिकता देने का भरोसा दिया। उन्होंने महंत जी के धार्मिक क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान को देखते हुए नगर निगम जल्द ही उनके नमाम से स्मृति द्वार के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करेगा, ताकि महंत राजेंद्र अग्रवाल जी के सेवा और भक्ति के संदेश को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके। महापौर की इस घोषणा पर पार्षद सुशील चौहान ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम न केवल आध्यात्मिक बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इससे क्षेत्र की नई पीढ़ी को भी महंत जी के जीवन मूल्य और आदर्शों की प्रेरणा मिलती रहेगी।

# अलग अलग स्थानों से दो बाईकें चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। अज्ञात चोर अलग-अलग स्थानों से दो बाइकों को चोरी कर ले गये। बाइक स्वामियों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। मौहल्ला अल्ली खां चौराहा निवासी मौहम्मद रिजवान पुत्र गौहम्मद इदरीस ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी बाइक सं. यूके18के-2131 से बीती 28 नवंबर बर्फ फैक्ट्री मंझरा स्थित दुल्हन पैलेस में शादी समरोह में गया था तथा उसने बाइक को पैलेस के बाहर खड़घ किया था। जब वह शादी समारोह से वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। उधर ग्राम रतुपुरा तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद निवासी संजीव कुमार पुत्र लाखन सिंह ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बाजपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में नौकरी करता है। बीती 21 नवंबर को उसने रोज की भांति अपनी बाइक सं. यूपी21 सीआर-9048 को अस्पताल के बाहर खडी की थी। जब वह अस्पताल से वापस घर जाने के लिए बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। पुलिस ने बाइक स्वामियोंकी तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर बाइकों की तलाश शुरू कर दी है।




# मेलाघाट रोड पर ठेले हटाकर दी सख्त हिदायत

खटीमा (उद संवाददाता)। बीते दिनों मेलाघाट मार्ग के फुटपाथ तोड़ने के बावजूद ठेली व्यवसाईयों द्वारा सड़क किनारे दोबारा अतिक्रमण शुरू कर दिया गया है। इससे मार्ग पर जाम की बढ़ती समस्या को देखते हुए सोमवार को नगर पालिका की टीम ने पुन: ठेलों को सड़क से हटाया। साथ ही दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। गौरतलब हो कि मेलाघाट मार्ग को चौड़ा करने के लिए नगर पालिका ने पिछले दिनों सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ तोड़े थे। इसके बाद सड़क चौड़ी हो गई थी और यातायात भी सुचारू होने लगा था। लेकिन अब दोबारा सड़क किनारे ठेले खड़े करने और कुछ दुकानदारों के सड़क पर सामान रखने से सड़क फिर संकरी हो गई। लोगों द्वारा इसकी शिकायत मिलने पर सोमवार को नगर पालिका की ईओ प्रियंका आर्य ने टीम के साथ मेलाघाट मार्ग के किनारे खड़े ठेलों को हटाया और सड़क पर सामान रखने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी। टीम में रामपाल, संजय, शाहबाज, राजीव कुमार, संतोष, विपिन, सूरज आदि थे।

# बाल श्रमिक के कार्यरत मिलने पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

किच्छा। किच्छा रोड लालपुर स्थित गट्टू मल स्वीट प्रतिष्ठान पर श्रम परिवर्तन अधिकारी विपिन कुमार ने शनिवार को आकस्मिक छापेमारी की। जांच के दौरान वहाँ एक बाल श्रमिक कार्यरत पाया गया, जिसके बाद अधिकारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। सूचना के अनुसार, मौके पर बाल श्रमिक के कार्यरत मिलने पर श्रम विभाग ने इसे गंभीर उल्लंघन मानते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच का जिम्मा उप निरीक्षक बसंत प्रसाद को सौंपा गया है, जो पूरे प्रकरण की तथ्यात्मक जांच कर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। श्रम विभाग ने बताया कि क्षेत्र में बाल श्रम के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है और इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रतिष्ठानों पर सख्त निगरानी जारी रहेगी, तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप

किच्छा। स्टार वार्ड नंबर 16 विकास कॉलोनी में एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि एक युवक उसकी नाबालिग पुत्री को बहाने से अपने साथ ले गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ संबंधित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस टीम ने तलाश शुरू की और कुछ ही समय में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग को भी सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार किशोरी की काउंसलिंग कर परिजनों के सुपुर्दगी की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस प्रकरण की विवेचना उप-निरीक्षक रिनी चौहान को सौंपी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नाबालिगों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता को लेकर लोगों में संतोष देखा गया।

# गन्ने मूल्य बढ़ाने पर किसानों ने मुख्यमंत्री का किया भव्य स्वागत

## सरकार समय पर भुगतान और किसानों की आय दोगुनी करने के लिये प्रतिबद्धः धामी

हरिद्वार( उद संवाददाता) ।गुरुकुल कांगड़ी हेलिपैड पर किसानों ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का उत्साहजनक स्वागत किया। किसानों, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय अधिकारियों ने फूलों की माला पहनाकर, पुष्पवर्षा कर और गन्ना भेंट कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। उपस्थित किसानों ने सम्मान स्वरूप उन्हें "किसान पुत्र" की उपाधि से सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने स्वागत और सम्मान प्रकट किए जाने पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों व किसानों का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि सरकार किसानों के हित में समर्पित है और किसानों की आय बढ़ाने व उनकी फसलों का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। किसानों की मांगों व भावना के अनुरूप गन्ने का समर्थन मूल्य ऐतिहासिक रूप से 405 प्रति क्विंटल तय किया गया है-जो पूर्व की तुलना में 30 अधिक है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश की प्राथमिकता है कि चीनी मिलों द्वारा किसानों को उनकी उपज का समय पर भुगतान सुनिश्चित हो। जहाँ कहीं भी भुगतान या क्रय में कमी प्रतीत होती है, उसे तुरंत ठीक करने का निर्देश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार मिलकर किसान हितकारी नीतियों-जैसे किसान सम्मान निधि, समर्थन मूल्य निर्धारण और समय पर भुगतान-के माध्यम से किसान की आय बढ़ाने पर कार्य कर रही हैं। उन्होंने लक्सर क्षेत्र के गंगदासपुर की सड़क ऊँची करने की घोषणा भी की। साथ ही उन्होंने कहा कि इकबालपुर एवं सितारगंज के बंद चीनी मिलों के कारण हुई समस्याओं के निराकरण के लिए राज्य सरकार कदम उठा रही है और प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद के नेतृत्व में भारी संख्या में आए जनपद के किसानों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यकाल में किसान हित के संवर्धन हेतु अनेक सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं और गन्ने के भाव में यह ऐतिहासिक वृद्धि किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय है। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक मदन कौशिक, विधायक आदेश चौहान, विधायक प्रदीप बत्रा, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, मेयर रूड़की अनिता अग्रवाल, उपाध्यक्ष/मैलाधिकारी सोनिका, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित सहित अनेक जनप्रतिनिधि व भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



# एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमे समस्त टिंगो से आये प्रतिनिधियों तथा कर्मचारियों द्वारा आवास विकास क्षेत्र के अत्तर्गत आम-जन को जागरूक किया गया। रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 के0के0 अग्रवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर तथा जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ हरेन्द्र मलिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तत्पश्च्यात मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में समस्त राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के काउंसलर, एआरटी मेडिकल ऑफिसर के साथ एचआईवी/एड्स संक्रमण पर कार्य करने वाले टिंगो को पुरुस्कृत किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा समस्त टिंगो इज हाई रिस्क पॉपुलेशन को टार्गेट करने तथा एचआईवी testing कराने के साथ ही एआरटी लिंक कराने हेतु आग्रह किया गया । सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा छ।ब्च से आये काउंसलर से effective counselling करने के साथ नये bot &spot तलाश करने का सुझाव दिया गया। जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी द्वारा सभी HIV कार्यक्रम में कार्य कर रहे NACP staff से effective के साथ ही एचआईवी से ग्रसित व्यक्तियों के साथ भेदभाव न करने की अपील की गयी। कार्यक्रम में डा0 श्वेता दीक्षित, डा0 जयंत नंद जोशी ,अराधना श्रीवास्तव शामिल रही।




# समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

रूद्रपुर। पश्चिमी रुद्रपुर किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड, दानपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संचालक मंडल का शपथ ग्रहण समारोह बड़े धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के दौरान धीरेन्द्र मिश्रा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्षों को नए कार्यकाल के लिए बधाई दी और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा किसान सेवा सहकारी समितियां हमारे कृषि क्षेत्र के लिए अहम भूमिका निभाती हैं। यह संगठन केवल किसानों के हित में काम करने का माध्यम नहीं, बल्कि उन्हें सशक्त बनाने का जरिया भी है। उन्होंने कहा कि नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संचालक मंडल के सदस्यों से अपेक्षा करता हूँ कि वे किसानों के कल्याण और क्षेत्रीय कृषि विकास के लिए मिलकर काम करें। यह समय है समर्पण और मेहनत का, ताकि समिति अपने उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर सके। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष माधुरी देवी, उपाध्यक्ष गुरुबाज सिंह, और संचालक मंडल के सदस्य राजीव शुक्ला, रेनू बिष्ट, राम सुमेर पासवान, कुलदीप चंद, फौजी रवि शाह, ग्राम प्रधान मंदिर बर्मा, रत्नाकर सिंह, राम जी वर्मा, वेद वर्मा, बाबूराम, गुरमीत सिंह और शाहिद सहित कई ग्रामीण और किसान उपस्थित थे।



# मॉडल, भाषण एवं क्विज में बच्चों ने दिखाया कौशल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तराखंड के निर्देशन में "सतत पोषणीय विकास-सुदृढ़ और समृद्ध भविष्य का आधार, जागरुक बालमन- एक उत्तरदायी समाज" विषय पर आधारित सामाजिक विज्ञान महोत्सव का सफल आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) भीमताल में किया गया। जिला समन्वयक श्रीमती रेखा तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य श्री सुरेश चंद्र आर्या के उद्बोधन से हुआ।जनपद के आठ विकासखंडों से चयनित चौबीस विद्यार्थियों ने, जो विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके थे, उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। विद्यार्थियों ने मॉडल, भाषण और क्विज प्रतियोगिताओं में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। क्विज प्रतियोगिता में रुद्राक्ष जोशी (रा.गां.आवा.अभि.वि., बेतालघाट) प्रथम, भावना (जी.आई.सी. धानाचूली) द्वितीय तथा दिव्यांशु पलड़िया (रा.इ.का. बानना) तृतीय स्थान पर रहे। मॉडल प्रतियोगिता में आशना मुंज्याल (रा.गां. नवो.वि. स्यात, कोटाबाग) ने प्रथम, लतिका (रा.बा.इ.का. खुर्पाताल) ने द्वितीय तथा प्रीति (रा.क. उ.मा.वि. बमोरी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में याशिका जोशी (रा.गां.आवा. अभि.वि., बेतालघाट) प्रथम रहीं, जबकि अंजलि (रा.उ.प्रा.वि. सूर्यागांव) द्वितीय और रश्मि (जी.आई.सी. धानाचूली) तृतीय रहीं। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में श्री पी. एस. बुंगला, श्री राजेश जोशी और श्री ज्योतिर्मय मिश्रा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल संचालन में श्रीमती निधि रौतेला, श्री गोपाल गुणवन्त और श्रीमती मन्नू ढौंडियाल का भी उल्लेखनीय योगदान रहा।






# पैरामाउंट एजुकेशनल एकेडमी का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पैरामाउंट एजुकेशनल एकेडमी सेकेंडरी स्कूल, भूरारानी में 15वां वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद छोटे बच्चों ने आकर्षक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। मंच पर बंगाली, पंजाबी, कुमाऊनी, गढ़वाली और देशभक्ति आधारित नृत्यों ने समां बांध दिया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर प्रस्तुत नाटक को दर्शकों ने विशेष सराहना दी।कार्यक्रम के समापन अवसर पर पैरामाउंट सोसायटी द्वारा संचालित 'देशभक्त सेना' की कार्यकारिणी ने केंद्रीय अध्यक्ष का दायित्व श्री रविंद्र सिंह धामी को सौंपा। उनकी शपथ रुद्रपुर विधायक श्री शिव अरोड़ा ने दिलाई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री शिव अरोड़ा उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पैरामाउंट सोसायटी के अध्यक्ष श्री आनंद सिंह धामी ने की।विशेष आमंत्रित अतिथियों में पंतनगर विश्वविद्यालय के रिटायर्ड कुलपति श्री एवं श्रीमती बी. एस. बिष्ट, रिटायर्ड स्वास्थ्य निदेशक एल. एम. उप्रेती, चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के एम.डी. डॉ. के. सी. चंदोला, सीनियर एडवोकेट लीलांबर जोशी, श्री भरत लाल शाह, रिटायर्ड डीएसपी के. बी. पांडे, रिटायर्ड डीएसपी बलदेव सिंह खनेड़ा, लक्ष्मी चंद्र पंत, जनार्दन पांडे, कुंवर सिंह धामी, भूपेंद्र सिंह धामी, गिरीश चंद जोशी, महेश चंद जोशी, शुक्रू लाल कन्याल, हरीश चंद्र उपाध्याय, के. एस. बिष्ट, रमेश चंद औली, पैरामाउंट सोसायटी कोषाध्यक्ष श्रीमती चंद्र धामी, उपाध्यक्षा श्रीमती वंदना धामी एवं भावना धामी, सचिव रविंद्र सिंह धामी, प्रबंधक श्रीमती सुनीता धामी, पैरामाउंट हाई स्कूल की प्रधानाचार्या मिस हुमा परवीन, पैरामाउंट प्री-स्कूल की प्रधानाचार्या मिस शालिनी रानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में तारा देवी, पुष्पा देवी, मीना देवी, अरुण, धनंजय, भास्कर, बबीता, देबा, दीपा, लीला, ममता, योगेश, लविश, विजय, अजय, वीरेंद्र, सोनू और पवन सहित अनेक प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई। विद्यालय के शिक्षकों कौशिक, सतीश, कमला, मंजू, नेहा, बीना, अमिता, बसंती, शालिनी, दीना, दुर्गा, तनु, प्रीति, मुक्ति और मनदीप के साथ अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ भी उपस्थित रहे।







# बनभूलपुरा छावनी में तब्दील, फ्लैग मार्च निकाला

हल्द्वानी। बनभूलपुरा रेलवे भूमि पर अतिक्रमण मामले में आज 2 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के पश्चात अपना फैसला सुनाया जा सकता है। सभी की नजरें कोर्ट के फैसले में टिकी हुई हैं। खाली करने के आदेश जारी किए थे। जिसके बाद रेलवे प्रशासन ने जिला प्रशासन की मदद से अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया था। लेकिन विरोध और स्थानीय लोगों द्वारा सुप्रीम कोर्ट की शरण पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर लोगों को अपील की है कि किसी भी भ्रामक अफवाओं में ध्यान न दें। कोर्ट का जो भी फैसला आएगा, उसका सम्मान किया जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह आग के हवाले करते फोर्स और प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों पर पथराव कर घायल कर दिया था। मामले को देखते हुए प्रशासन ने अराजकतत्वों पर कार्रवाई भी की थी। बवाल के दौरान





फैसला आने से पहले ही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। इसके लिए रेलवे अधिकारियों के साथ जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन बैठक कर चुका है। जहां बनभूलपुरा क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया है तो वहीं खुफिया तंत्र को भी एक्टिव किया जा चुका है। संवेदनशील क्षेत्र बनभूलपुरा में भारी फोर्स को तैनात कर दिया है। गौरतलब हो कि वर्ष 2022 में रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में नैनीताल हाईकोर्ट में पीआईएल दायर की गई थी। वर्ष 2023 में नैनीताल हाईकोर्ट ने इस जमीन को में जाने के बाद मामला टल गया था। तब से लेकर मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रहा थी। अब आज मंगलवार को सुनवाई के पश्चात सुप्रीम कोर्ट, रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में बड़ा फैसला दे सकती है। बनभूलपुरा क्षेत्र में लगभग 3660 मकान हैं। जिसमें तकरीबन 5236 परिवार निवास करते हैं।एसपी क्राइम डॉक्टर जगदीश चंद्रा ने बताया कि रेलवे अतिक्रमण भूमि मामले में कोर्ट का फैसला आ सकता है। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने सभी तैयारी कर ली है। सोमवार को आरपीएफ और जिला चौहान ने कहा कि प्रशासन पूरे मामले में नजर बनाए हुए है। माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। बतादें कि 8 फरवरी 2024 में जिला प्रशासन द्वारा बनभूलपुरा में नजूल भूमि पर अतिक्रमण कर मदरसा बनाए जाने के मामले में ध्वस्तीकरण के दौरान बवाल हो गया था। बवाल के दौरान अराजक तत्वों द्वारा बनभूलपुरा थाने को हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अधिकारी, पुलिस कर्मी, मीडिया कर्मी चोटिल भी हुए थे। कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा कर्फ्यू भी लगाया गया था। अब जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क मोड पर है। वहीं लोगों से भी लगातार शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस से सहयोग करने की लगातार अपील की जा रही है।

# रुद्रपुर के धीरज ने नेशनल एथलेटिक्स में जीता कांस्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।69वीं स्कूल नेशनल अंडर-19 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 30 नवंबर तक भिवानी, हरियाणा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आवासीय क्रीड़ा एथलेटिक्स छात्रावास, रुद्रपुर के चार प्रतिभाशाली खिलाड़ी-मिहिर जोशी, रोहित कुमार, पुष्कर चंद और धीरज सिंह बिष्ट-ने प्रतिभाग किया। इनमें से धीरज सिंह बिष्ट ने 800 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर रुद्रपुर और अपने छात्रावास का गौरव बढ़ाया। उनकी यह उपलब्धि छात्रावास के



खिलाड़ियों के अनुशासन, कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास का परिणाम है, जो हर वर्ष विभिन्न स्तरों की प्रतियोगिताओं में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देते आ रहे हैं। अपनी उपलब्धि के प्रति आभार प्रकट करते हुए धीरज सिंह बिष्ट ने अपना पदक अपने कोच हरिश राम को पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। यह क्षण गुरु और शिष्य के समर्पित संबंध का प्रेरणादायक उदाहरण बना। रुद्रपुर स्टेडियम स्थित छात्रावास में सहायक एथलेटिक्स कोच श्री हरिश राम खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने में निरंतर जुटे हुए हैं। इस सफलता के उपलक्ष्य में जिला क्रीड़ा अधिकारी, ऊधम सिंह नगर, श्रीमती जानकी कर्की ने बच्चों को माला पहनाकर सम्मानित किया।

# मध्य रात्रि डीजे बजाना पड़ गया महंगा,चालान संग डीजे हुआ जब्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी द्वारा रात्रि 10 बजे के बाद डीजे का संचालन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। जिसके क्रम में पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। सिटी कंट्रोल रूम के माध्यम से कोतवाली पुलिस को नीलांचल कॉलोनी में एक डीजे संचालक द्वारा रात्रि 12 बजे के बाद भी तेज ध्वनि में डीजे बजाए जाने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए चौकी प्रभारी भोटिया पड़ाव अनिल कुमार द्वारा मौके पर जाकर चेक करने पर समय मध्य रात्रि 00.35 बजे नीलांचल कॉलोनी हल्द्वानी में घर की छत पर काफी तेज ध्वनी में डीजे बजाकर संगीत एवं अन्य ध्वनि उपकरणों के प्रयोग कर निर्धारित समय व ध्वनि तीव्रता का उल्लंघन करने पर डीजे स्वामी भूपेन्द्र मौर्या का चालान किया गया।भूपेंद्र मौर्या उपरोक्त पूर्व में भी काफी रात्रि तक डीजे बजाने का आदी है। जिस कारण इस प्रकार के कार्य की पुनरावृत्ति रोकने हेतु डीजे उपकरणों को पुलिस द्वारा कब्जे लिया गया।

# कानून व्यवस्था बनाए रखना है हमारी प्राथमिकता :एसएसपी


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। व्यवस्था दुरुस्त रहे इसलिए कप्तान की कप्तानी पूर्व से ही दुरुस्त हो गई है। पूर्वानुभव को देखते हुए कप्तान डॉ मंजूनाथ ने तैयारी करते हुए निर्णय लिया है कि शहर की शांति को किसी भी सूरत में भंग नहीं होने दिया जायेगा। रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में निर्णय के उपरांत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी के नेतृत्व में नैनीताल पुलिस द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था के साथ ही ताबड़तोड़ कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में सोमवार को एसपी नैनीताल डॉ जगदीश चंद्रा व एसपी हल्द्वानी मनोज कत्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा व्यापक चैकिंग अभियान चलाकर 121 उपद्रवी लोगों के विरुद्ध 126/135 बीएनएस के तहत निरोधात्मक कार्यवाही की गई ओतथा 21 लोगों को जिसमें से अधिकांश द्वारा बनभूलपुरा हिंसा प्रकरण में भी थाने में आगजनी तथा तोडफोड की घटना को अंजाम दिया गया था। इनके द्वारा वर्तमान में भी लोगों को एकत्र कर दंगा भड़काने



का प्रयत्न करने की प्रबल संभावना के दृष्टिगत चिन्हीकरण कर धारा 170 बीएनएस के तहत हिरासत में लिया गया है। इनके द्वारा वर्तमान में भी लोगों को एकत्र कर दंगा भड़काने का प्रयत्न करने की प्रबल संभावना के दृष्टिगत चिन्हीकरण कर धारा 170 बीएनएस के तहत हिरासत में लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा। पूर्व में दंगे में शामिल, लोगों को भड़काने वाले तथा आदतन उपद्रवियों का चिन्हीकरण कर उनके विरुद्ध पुलिस कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। पुलिस हर मोर्चे पर तैयार है। फील्ड के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर बनाए हुए है। किसी भी प्रकार से भ्रामक सूचना फैलाने, भड़काऊ संदेश प्रचारित करने तथा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों पर भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारी संख्या में पुलिस तैनात किया गया है। जिनमें पुलिस अधीक्षक 03, पुलिस उपाधीक्षक 04, निरीक्षक 08, उप निरीक्षक 28, हेड कांस्टेबल 80, पीएसी 02 कंपनी व 01 सेक्शन इसके अतिरिक्त फायर टेंडर, टियर गैस यूनिट, बज्र वाहन आदि सहित अन्य फोर्स तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त पूरा क्षेत्र 7 ड्रोन कैमरे की निगरानी में रहेगा।

# भाई के निधन के अगले ही दिन संसद पहुँचे सांसद अजय भट्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की मिसाल देश सेवा के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का ऐसा उदाहरण कम ही देखने को मिलता है। नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने अपने बड़े भाई के दुखद निधन के ठीक अगले दिन संसद की कार्यवाही में उपस्थित होकर न केवल अपने कर्तव्य धर्म का पालन किया, बल्कि यह साबित कर दिया कि राष्ट्रहित उनके लिए सर्वोपरि है। परिवार में ऐसी गहरी व्यक्तिगत क्षति के बीच भी सदन मे पहुँचकर उन्होंने देश के विकास और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान पर चर्चा में भाग लिया। उनके इस कदम ने न केवल पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया



है, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी व्यापक प्रशंसा हासिल की है। जनता और समर्थकों ने कहा कि ऐसे कठिन समय में भी संसद में उपस्थित होना उनके दृढ़ चरित्र, जिम्मेदारी भावना और राष्ट्र सेवा के प्रति त्याग का प्रत्यक्ष प्रमाण है। आज जब कई जनप्रतिनिधि छोटे मुद्दों को लेकर सदन की कार्यवाही से दूरी बनाते हैं, वहीं सांसद श्री भट्ट का यह कदम एक आदर्श और प्रेरणादायक मिसाल है। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि ऐसे ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और संवेदनशील नेता का साथ पाना उनके लिए सौभाग्य की बात है। समाज सेवियों और वरिष्ठ नागरिकों ने भी कहा कि आज के राजनीतिक वातावरण में इतनी निष्ठा और त्याग दुर्लभ है, और यह उनकी नेतृत्व क्षमता को और भी मजबूत बनाता है। संसद में उनकी उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि व्यक्तिगत दुख बड़े हो सकते हैं, लेकिन राष्ट्रसेवा उससे भी बड़ी है। ऐसे जनसेवक ही देश को आगे ले जाने की असली शक्ति हैं।

# सोमनाथ 4 माह के लिए जिला बदर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैम्प पुलिस ने क्षेत्र के एक अभियुक्त को चार माह के लिए जिला बदर करते हुए उसे उत्तर प्रदेश सीमा पर छोड़ते हुए कानून का पालन करने की सख्त हिदायत दी। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र द्वारा अपराध और अपराधियों को विरुद्द कार्यवाही के निर्देशानुसार ट्रांजिट कैम्प थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन




चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व मे थाना पुलिस द्वारा सोमवार को न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/र0) उधम सिंह नगर के आदेश पर गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 2/3 के अधीन अभियुक्त सोमनाथ मण्डल पुत्र बप्पी मण्डल निवासी वार्ड संख्या 3 अरविन्दनगर थाना ट्रांजिट कैम्प को 04 माह की अवधि के लिए जिला बदर कि कार्यवाही करते हुए जिला रामपुर की सीमा पर छोडा गया है।

# गीता जयंती पर किया गीता का पाठ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गीता जयंती के उपलक्ष में संस्कृत भारती हल्द्वानी द्वारा प्राचीन हल्दु देवी मंदिर रेलवे बाजार में गीता पाठ किया गया। यहां पर संस्कृत भारती नैनीताल जनपद के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं के साथ अन्य लोगों की भी उपस्थित रही। प्रतिवर्ष गीता जयंती संस्कृत भारती के द्वारा सभी जगह



मनाया जाता है। उसी प्रकार सोमवार को भी कार्यक्रम यहां पर मनाया गया। कार्यक्रम में संस्कृत भारती के प्रांत प्रचार प्रमुख जगदीश चन्द्र जोशी, विभाग संयोजक डॉ. जगदीश पांडे, विभाग सह संयोजक डॉ. नीरज जोशी, जनपद गीता शिक्षण प्रमुख डॉ. कैलाश सनवाल, जनपद मंत्री डॉ. मोहित जोशी , मंदिर के अर्चक एवं प्रसिद्ध कथा वक्ता रितेश जोशी एवं संस्कृत विद्यालय के छात्र इत्यादि की उपस्थित रही।

# सिरौलीकला प्रकरण पर विधायक बेहड़ ने डीएम से की मुलाकात

## प्रशासन की जबरन कार्रवाई पर जताई नाराजगी, समस्याओं से कराया अवगत

रूद्रपुर।किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने सिरौलीकला में विकास प्राधिकरण द्वारा बिना मानचित्र पास भवनों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान का विरोध जताते हुए आज उधम सिंह नगर जिलाधिकारी नितिन भदौरिया से मुलाकात की। विधायक ने प्रशासन की कार्रवाई को एकतरफा बताया और इसे स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का कारण बताया। विधायक बेहड़ ने कहा कि विकास प्राधिकरण द्वारा की जा रही कार्रवाई अनुचित है और इससे समुदाय विशेष को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में कई स्थानों पर भूमि खरीद-फरोख्त हो रही है, किंतु कार्रवाई सिर्फ सिरौलीकला में की



जा रही है, जो दवाब में किया गया कदम प्रतीत होता है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब भवन निर्माण हो रहा था, उस समय संबंधित अधिकारियों ने संज्ञान क्यों नहीं लिया। उन्होंने कहा कि कुछ भवनों की रजिस्ट्री एवं दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूर्ण होने के बावजूद केवल मानचित्र पास न होने पर ध्वस्तीकरण उचित नहीं है। प्राधिकरण को पहले नोटिस जारी कर समय देकर मानचित्र पास कराने का अवसर देना चाहिए था। विधायक ने मांग की कि जिन भवनों में विद्युत कनेक्शन लगे हैं और लोग रह रहे हैं, उन्हें हटाया न जाए तथा उनके मानचित्र पास कराने की प्रक्रिया अपनाई जाए। जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष और न्यायसंगत कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान विकास प्राधिकरण सचिव पंकज उपाध्याय, किच्छा निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, सईदुल रहमान, दानिश मलिक, एन.यू. खान, रिजवान अंसारी सहित कई लोग उपस्थित रहे। इससे पूर्व कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ के जनता संवाद कार्यक्रम में सैकड़ों क्षेत्रवासी पहुंचे और आर्थिक सहायता, बिजली, राशन कार्ड तथा सड़कों से संबंधित समस्याएं रखीं। विधायक ने सभी समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान हेतु निर्देशित किया।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# एसआईआर का दबाव

देश के बारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गहन मतदाता पुनरीक्षण यानी एसआइआर को लेकर उठा विवाद लोकतांत्रिक व्यवस्था की सेहत के लिए ठीक नहीं माना जा रहा है। मतदाता सूचियों में संशोधन पहले भी होता रहा है, लेकिन एसआइआर की प्रक्रिया पर जो सवाल उठाए जा रहे हैं, उससे अब तीन मोर्चों पर संघर्ष शुरू होता नजर आ रहा है। पहला मानवीय स्तर पर, दूसरा कानूनी और तीसरा राजनीतिक नफा-नुकसान के तराजू पर भी इस प्रक्रिया को तौला जा रहा है। सवाल है कि इस विवाद का हल कैसे होगा? इसको लेकर अदालत में भी मामले दायर किए गए हैं, लेकिन जाहिर है कि अदालती प्रक्रिया लंबी होती है और इसमें तत्काल फैसला आने की उम्मीद नहीं की जा सकती। बूथ स्तरीय अधिकारियों पर काम का अत्यधिक दबाव होने और कुछ के आत्महत्या कर लेने की खबरों के बीच निर्वाचन आयोग ने एसआइआर की प्रक्रिया की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाकर समस्या के निराकरण की दिशा में कदम बढ़ाया है, लेकिन क्या सात दिन का यह समय पर्याप्त है? क्या इससे जमीनी स्तर पर काम करने वाले अधिकारियों पर वास्तव में दबाव कम हो पाएगा? एसआइआर को लेकर उठे विवाद में एक अफसोसजनक पहलू यह है कि बूथ स्तरीय अधिकारी निर्धारित समय सीमा में काम के दबाव को सहन नहीं कर पा रहे हैं। गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश से ऐसे अधिकारियों की मौतों और इस्तीफों की कई खबरें आ चुकी हैं। वहीं प्रशासन की सख्ती से कुछ राज्यों में इन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी तक दर्ज की गई है और कुछ को निलंबित कर दिया गया है। दबाव की अति की इस स्थिति में कर्तव्य और सख्ती के बीच की रेखा धुंधली नजर आने लगी है। निर्वाचन आयोग ने पिछले दिनों प्रशासनिक अधिकारियों से वस्तुस्थिति पर रपट मांगी थी, जिसके बाद रविवार को आयोग ने एसआइआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया। आयोग की ओर से कहा गया कि एक सप्ताह का अतिरिक्त समय इसलिए दिया गया, ताकि बूथ स्तरीय अधिकारी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मृत या दूसरी जगह चले गए मतदाताओं का ब्योरा राजनीतिक दलों के साथ साझा कर सकें। इससे यही लगता है कि आयोग ने यह निर्णय प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों पर काम के दबाव की वजह से नहीं लिया है। एसआइआर को लेकर राजनीतिक मोर्चा भी खुल गया है। केंद्र में सत्तारूढ़ राजग का कहना है कि मतदाता सूची का सत्यापन जरूरी है, ताकि अवैध मतदाताओं का पता चल सके। वहीं विपक्षी दलों का तर्क है कि इस पूरी प्रक्रिया को एक सप्ताह के लिए बढ़ाने के फैसले से इस बात की पुष्टि होती है कि इसे बिना सोचे-समझे जल्दबाजी में शुरू किया गया है। इसके लिए कम कम से एक माह का समय और दिया जाना चाहिए। सवाल है कि इस महत्त्वपूर्ण काम को पूरा करने का जिम्मा जिन बूथ स्तरीय अधिकारियों को सौंपा गया है, अगर वही दबाव और तनाव का शिकार होकर जीवन पर जोखिम के दौर से गुजरने लगें, तो इसकी जवाबदेही किस पर है। कुछ नेताओं ने दबाव की वजह से हो रही ऐसी घटनाओं पर सवाल उठाया है, लेकिन इसका कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया। निर्वाचन आयोग अगर एसआइआर के व्यापक अभियान को सहजता से पूरा करना चाहता है, तो इसके लिए उसे इस काम में लगे लोगों की समस्याओं पर भी गौर करना चाहिए।

# उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने राहुल गांधी और खड़गे के साथ बैठक में किया मंथन

## विधानसभा चुनाव 2027 से पहले कांग्रेस की रणनीति बनाने में जुटे गोदियाल

देहरादून/दिल्ली (उद संवाददाता)। सोमवार को नई दिल्ली में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, दोनों सह प्रभारी, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सीडब्ल्यूसी के आमंत्रित सदस्य करन माहरा, उत्तराखंड कांग्रेस चुनाव संचालन समिति के चेयरमैन प्रीतम सिंह, उत्तराखंड कांग्रेस चुनाव मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष हरक सिंह रावत मौजूद रहे। कांग्रेस हाईकमान ने ली उत्तराखंड के नेताओं की बैठक: पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत अस्वस्थ होने की वजह से बैठक में सम्मिलित नहीं हो पाये। उत्तराखंड के कांग्रेस के नेताओं के साथ हुई शीर्ष नेतृत्व की बैठक में संगठनात्मक विषयों एवं राज्य के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी हाई कमान ने उत्तराखंड के नेताओं को आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव व 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने जा रही वोट चोर गद्दी छोड़ विशाल रैली की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड कांग्रेस की नई टीम के गठन के कुछ ही दिन बाद कांग्रेस आलाकमान ने प्रदेश नेतृत्व को दिल्ली तलब किया और उनका मार्गदर्शन भी किया है। मल्लिकार्जुन खड़के व राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेताओं से प्रदेश का फीडबैक भी लिया। इसके साथ ही वर्तमान राजनीतिक हालातों पर भी चर्चा भी की और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। पार्टी हाई कमान उत्तराखंड को लेकर बहुत गंभीर है और आने वाले चुनाव में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता है। बताते चलें कि कांग्रेस पार्टी इन दिनों एक्टिव मोड में नजर आ रही है। एक तरफ पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल आए दिन मीटिंग ले रहे हैं। दूसरे तरफ पार्टी हाईकमान ने अचानक सभी बड़े नेताओं को दिल्ली बुलाकर बैठक लेते हुए मार्गदर्शन दिया है। इसके



दिल्ली में संगठन में समन्वय स्थापित करने के अलावा विभिन्न प्रकार की रणनीतियों नीतियों पर भी चर्चा की गई है। 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इस बात की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि साथ ही कांग्रेस ने उत्तराखंड में प्रवक्ता और पैनलिस्ट बनाने के लिए टैलेंट हंट कार्यक्रम चलाया हुआ है। कुल मिलाकर कांग्रेस 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से सक्रिय हो गई है। पार्टी चुनाव जीतने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती है।

# सीबीआई ने बॉबी पंवार से की पूछताछ, बयान दर्ज

देहरादून। पेपर लीक मामले में सीबीआई की जांच की आंच बेरोजगार संघ के नेता बॉबी पंवार तक भी पहुंच गई है। सीबीआई ने सोमवार को बॉबी पंवार से करीब नौ घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान पंवार से सुमन चौहान से उनके संपर्कों व अन्य जानकारियों के बारे में पूछताछ की गई। इस मामले में गत 28 नवंबर को सीबीआई सुमन चौहान को गिरफ्तार कर चुकी है। सुमन ने बॉबी पंवार को ही पेपर दिया था जिसके बाद पंवार ने प्रेस कांफ्रेंस कर इस परीक्षा का पेपर लीक होने का आरोप लगाया था। हालांकि, बॉबी पंवार ने बाहर आकर बताया कि सीबीआई ने उनसे पेपर लीक के संबंध में सवाल किए थे। इसके जवाब में उन्होंने लिखित बयान दर्ज कराए हैं। इसमें सीबीआई को साक्ष्य उपलब्ध कराने की बात भी कही है। 21 सितंबर को उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की ओर से स्नातक स्तरीय परीक्षा आयोजित कराई गई थी। इसमें हरिद्वार के बहादरपुर जट के सेंटर से खालिद नाम के परीक्षार्थी ने पहले से परीक्षा केंद्र में छुपाए गए मोबाइल से पेपर का फोटो खींचकर अपनी बहन साबिया को भेजा था। साबिया ने इसे टिहरी के एक कॉलेज की सहायक प्रोफेसर सुमन चौहान को हल करने के लिए भेज दिया। सुमन ने कुछ प्रश्न हल किए और फिर इसे बॉबी पंवार को भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने खालिद और उसकी बहन साबिया को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में जब अब सीबीआई ने जांच शुरू की तो सबसे पहली गिरफ्तारी सुमन की ही की। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सीबीआई ने सोमवार को बॉबी पंवार को पूछताछ के लिए बुलाया था।

# पशु और पक्षियों के संकेत आज भी कारगर





हाल ही में राजस्थान के जोधपुर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग ने एक अध्ययन में यह साबित किया कि पक्षियों के घोंसले बनाने के तरीके से लेकर जानवरों के व्यवहार तक, मौसम के संकेतों को समझा जा सकता है। यह शोध इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एनवायर्नमेंटल साइंस में प्रकाशित हुआ है। इसमें बताया गया है कि जानवरों के व्यवहार में 80 प्रतिशत तक सटीकता देखी जाती है। यह शोध सिद्ध करता है कि पुराने समय से चली आ रही यह पारंपरिक जानकारी, जो ग्रामीणों द्वारा इस्तेमाल की जाती रही है, अब वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित हो चुकी है। उदाहरण के लिए मोर का नृत्य या कूजन मानसून की शुरुआत का संकेत देता है। इसी प्रकार चींटियों का भोजन इकट्ठा करना सूखा पड़ने का संकेत है।विभाग के एचओडी डॉ. गेमराराम परिहार और उनके शोध दल का कहना है कि प्रकृति के संकेत आज भी कारगर हैं। पशु-पक्षियों के व्यवहार से मौसम का पूर्वानुमान लग जाता है। उनका दावा है कि वैज्ञानिक शोध में इन बातों और तथ्यों की पुष्टि हो चुकी है। उनके शोध में पुरानी प्रथाओं के वैज्ञानिक प्रमाण साबित हुए हैं। शोध का निष्कर्ष है कि पशु-पक्षियों का व्यवहार आज भी मौसम के संकेत बताने में पूरी तरह सक्षम है। शोध में बताया गया है कि पशु-पक्षियों के व्यवहार से मौसम के संकेत सटीक मिलते हैं। यह बात करीब 80 प्रतिशत तक सही साबित हुई है। शोध में दावा किया गया है कि पारंपरिक ज्ञान का आज भी कोई तोड़ नहीं है। इसके संकेत आज भी वैज्ञानिक कसौटी पर भी पूरी तरह कारगर हैं।इस शोध में यह भी बताया गया कि कैसे पुराने समय में लोग पारिस्थितिकी तंत्र के सदस्यों के व्यवहार से मौसम की भविष्यवाणी करते थे। लोमड़ी, सियार और अन्य जानवरों का व्यवहार भी इस प्रणाली का हिस्सा था। उदाहरण के लिए लोमड़ी खेतों में चूहों की संख्या को नियंत्रित करती है, जो कृषि के लिए अच्छा संकेत है। शोध के अनुसार, राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में जैसे भील, मीणा और बंजारा समुदायों के लोग अभी भी पशु-पक्षियों के संकेतों का पालन करते हैं। उदाहरण के लिए लाल चींटियां जब अपने अंडे इधर-उधर ले जाती हैं, तो यह बारिश के करीब आने का संकेत होता है। यह पारिस्थितिकी तंत्र के इन जानवरों की सूझबूझ को दर्शाता है, जो मौसम की सटीक जानकारी देते हैं।असल में राजस्थान के मारवाड़ के गांवों में आज भी मौसम के पूर्वानुमान के लिए प्रकृति के संकेतों का अनुसरण किया जाता है। जहां एक ओर विज्ञान ने मौसम की भविष्यवाणी के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का विकास किया है, वहीं दूसरी ओर ये पारंपरिक तरीके आज भी बड़े काम आते हैं। विश्वविद्यालय का ताजा अध्ययन यह साबित करता है कि पशु-पक्षियों के व्यवहार में मौसम के महत्वपूर्ण संकेत छिपे होते हैं। पशु-पक्षियों और अन्य जानवरों के व्यवहार पर आधारित यह पारंपरिक ज्ञान न केवल ग्रामीणों के लिए, बल्कि वैज्ञानिकों के लिए भी एक महत्वपूर्ण संदर्भ बन चुका है। यह पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्राचीन समय से चली आ रही यह पद्धतियां अब आधुनिक विज्ञान के माध्यम से और अधिक प्रमाणित हो रही हैं।शोध कहता है कि पक्षियों के पारंपरिक संकेतों के कुछ अर्थ होते हैं। मोरों का नृत्य मानसून की शुरुआत का संकेत देता है। चींटियों का भोजन इकट्ठा करना सूखा पड़ने का संकेत है। सांप का पेड़ों पर चढ़ना बारिश की संभावना का पूर्वानुमान है। वहीं लोमड़ी की उपस्थिति खेतों में चूहों का नियंत्रण होने का संकेत देती है। मौसम के साथ जीवन से भी पक्षियों के संकेत जुड़े हुए हैं, जैसे चिड़िया अथवा गौरैया का घर में घोंसला बनाना खुशहाली और तरक्की का संकेत है। तोता का घर में आना धन लाभ, रुके हुए काम पूरे होने और मां लक्ष्मी की कृपा का सूचक है। उल्लू का घर में दिखाई देना जल्द ही कुछ शुभ होने का संकेत है, क्योंकि यह माता लक्ष्मी का वाहन है। कौवे का घर में आना मेहमानों के आगमन का संकेत देता है। मोर, नीलकंठ और सफेद कबूतर का सुबह-सुबह दिखना पूरे दिन के अच्छा बीतने का संकेत माना जाता है।इसी तरह पक्षियों के मौसम के संकेत में उनकी उड़ान की ऊंचाई (कम ऊंचाई पर उड़ना बारिश का संकेत है, जबकि ऊंची उड़ानें अच्छे मौसम का संकेत देती हैं), उनकी आवाजें (जैसे उल्लू का बोलना या मोर का नाचना बारिश का संकेत माना जाता है) और उनका भोजन व्यवहार (तूफान से पहले खूब खाना) शामिल है। कुछ प्राचीन और ग्रामीण परंपराएं पक्षियों के घोंसले बनाने की जगह को भी मौसम का सूचक मानती हैं। जब पक्षी जमीन के करीब उड़ते हैं, तो यह बारिश का संकेत माना जाता है। मोर का नाचना, उल्लू का चीखना और गौरैया का धूल में लोटना बारिश का संकेत माना जाता है। यदि कौवे कांटेदार पेड़ों पर घोंसला बनाते हैं, तो बारिश कम होने की संभावना है। वहीं आम या करंज जैसे पेड़ों पर घोंसला बनाना अच्छी बारिश का संकेत है। लाल चींटियों का अपने अंडों को इधर-उधर ले जाना भी बारिश के आने का संकेत है।इसी तरह पक्षियों का आसमान में ऊंची उड़ान भरना अच्छे मौसम का संकेत होता है। वहीं जोड़े में उड़ने वाले कौवे अच्छे मौसम का संकेत देते हैं। इसी तरह तूफान से पहले पक्षी वसा जमा करने के लिए अधिक सक्रिय हो जाते हैं और खूब खाना खाते हैं। बारिश आने पर मुर्गियां बेचैन हो जाती हैं या धूल में रगड़ती हैं। हंस की छाती की हड्डी का लाल या गहरे रंग का होना ठंडी और तूफानी सर्दी का संकेत हो सकता है। यदि सारस आकाश में गोलाकार परावलय बनाकर उड़ते हैं, तो यह शीघ्र वर्षा का संकेत है। पेड़ों पर दीमक का तेजी से घर बनाना अच्छी वर्षा का संकेत है। जब पक्षी एक साथ इकट्ठा होते हैं और अपने पंख फड़फड़ाते हैं, तो मौसम में बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। वहीं चातक को बारिश का पक्षी माना जाता है। इसका आगमन मानसून के मौसम का संकेत है। इस तरह पशु और पक्षियों की हरकतों को देखकर मौसम का काफी हद तक पूर्वानुमान लगाया जा सकता है।असल में यह हमारा पक्षियों से जुड़ा पारंपरिक ज्ञान है, जिसे हमारे पूर्वजों ने पूरा मान और सम्मान दिया है। मनुष्य लंबे समय से पक्षियों के व्यवहार को बदलते मौसमों के बैरोमीटर के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। कई लोक कथाएं और किस्से हैं, जो बताते हैं कि पक्षियों की बढ़ती या घटती गतिविधि एक अध्याय के अंत और एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत देती है। हममें से ज्यादातर लोग इस जुड़ाव को भूल चुके हैं, लेकिन कोई भी पक्षी प्रेमी आपको सर्दियों के आखिरी नीरस दिनों में पक्षियों को रंग-बिरंगे रंग में रंगते देखने के उत्साह के बारे में जरूर बता देगा। सामान्य पक्षियों की तरह प्रवासी पक्षी भी कई अनुमान बताते हैं, जैसे मॉकिंगबर्ड और ब्लैकबर्ड का रात भर चहचहाना बताता है कि गर्म दिन आने वाले हैं। कई प्रवासी पक्षी सर्दियों के आगमन अथवा जाने के बारे में इशारा करते हैं।पक्षियों से जुड़ा पारंपरिक ज्ञान कई प्रकार का है। यह जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। अगर केवल पर्यावरण की बात करें तो पक्षियों का अध्ययन (पक्षी विज्ञान) पारिस्थितिकी संतुलन को समझने में मदद करता है, क्योंकि वे कीट नियंत्रण, परागण और बीज प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पक्षी पर्यावरण में हो रहे बदलाव के शुरुआती संकेत देते हैं। उनकी आबादी में गिरावट आवासों के क्षरण या जलवायु परिवर्तन का संकेत हो सकती है। पक्षी कीटों को नियंत्रित करते हैं, बीज फैलाते हैं और परागण में मदद करते हैं, जो मानव द्वारा उपयोग किए जाने वाले कई पौधों के लिए महत्वपूर्ण है। पक्षी मृत जीवों और कचरे को साफ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पक्षियों का वैज्ञानिक अध्ययन पक्षियों के व्यवहार, प्रवास, प्रजनन और शारीरिक विशेषताओं को समझने में इंसान की पूरी तरह से मदद करता है। हमें केवल इस ज्ञान की समझ होने और इसके वैज्ञानिक प्रयोगों को पहचानने की जरूरत है।

**अमित बैजनाथ गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार**

# रोशनी सोसाइटी को दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय न्यास में पंजीकृत मानसिक दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की उत्तराखंड की एकमात्र संस्था रोशनी सोसाइटी को राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांग जन सशक्तीकरण संस्थान और परिवार ( देश भर के अभिभावक समूह का महासंघ ) के संयुक्त रुप से डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ में बीते 28 नवंबर से 30 नवंबर तक चले राष्ट्रीय अभिवावक बैठक जिसमें में 25 राज्यों से आये 350 अभिभावकों एवं उनके संगठनों ने भाग लिया इस कार्यक्रम में मानसिक दिव्यांग बच्चों के अधिकारों और पुनर्वास एवं मानसिक दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वर्ष 2025 का डा. रीता पेशावरिया मेनन एवं श्रीमती प्रेमलता पेशावरिया राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यहपुरस्कार महामहिम राज्यपाल कर्नाटक, पूर्व केन्द्रीय मंत्री वी थावर चंद गहलोत, उत्तर प्रदेश सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग विभाग के मंत्री नरेन्द्र कश्यप, परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा पंकज मारु, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के डायरेक्टर डॉक्टर मेजर रामकुमार एवं उत्तर प्रदेश के दिव्यांग आयुक्त डॉ हिमांशु शेखर झा की उपस्थिति में किया गया। रोशनी सोसाइटी उत्तराखंड की पहली संस्था है जिसको ये पुरस्कार प्राप्त हुआ है।



सोसाइटी के सचिव गोविन्द मेहरा ने बताया कि पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति-पत्र के साथ 21 हजार रूपये की सम्मान राशि भी दी गई। पुरस्कार समारोह में रोशनी सोसाइटी की अध्यक्ष श्रीमती शिवानी पाल, उपाध्यक्ष श्रीमती हेमा परगाई, सचिव गोविंद मेहरा और सदस्य श्रीमती ममता धामी और बौद्धिक दिव्यांग ओजस्विन उपस्थित रहे। रोशनी सोसाइटी के उत्साहित विशेष बच्चों के अभिभावकों ने इस सम्मान को पाने पर खुशी जताई है। अध्यक्ष श्रीमती शिवानी पाल ने इस पुरस्कार के बाद रोशनी सोसाइटी पर ज्यादा जिम्मेदारी आने की बात कही। सचिव गोविंद मेहरा ने इस सम्मान को उन मानसिक दिव्यांग बच्चों को समर्पित किया जो अपने घरों से लेकर समाज में अभी भी मानसिक दिव्यांगता का दंश झेल रहे हैं और कहा भविष्य में उनके अधिकारों और पुनर्वास के लिए रोशनी और तेजी से कदम बढ़ायेगी।इस नेशनल पेरेंट्स मीट में गोविंद मेहरा को परिवार संस्था के राष्ट्रीय एक्जीक्यूटिव काउन्सिल का सदस्य भी इलैक्ट किया गया।

# अल्मोड़ा के 92 वर्षीय लक्ष्मण सिंह ने जीते तीन गोल्ड मैडल

अल्मोड़ा। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम देहरादून में आठवीं उत्तराखंड मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अल्मोड़ा के 92 वर्षीय लक्ष्मण सिंह ऐंठानी ने तीन स्वर्ण अपने नाम किए। 29 और 30 नवंबर को आयोजित प्रतियोगिता में लक्ष्मण सिंह के अलावा पूरन भट्ट, बलवंत बिष्ट, जीवन जोशी, कमला भट्ट, हेमा बिष्ट और रमा जोशी ने प्रतिभाग किया था। 90 प्लस उम्र की सौ और दो सौ मीटर दौड़ में लक्ष्मण ऐंठानी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसके अलावा उन्होंने गोला फेंक में भी स्वर्ण जीता। पूरन चंद्र ने 70 प्लस उम्र की 5000 और 1500 मीटर दौड़ स्वर्ण तो 800 मीटर में कांस्य पदक जीता। बलवंत ने 5000 मीटर पैदल चाल में



सिल्वर व जैवलिन थ्रो में स्वर्ण, जीवन चंद्र ने 65 प्लस की 5000 मीटर पैदल चाल में रजत, कमला भट्ट ने 60 प्लस की 400, 200 व 100 मी दौड़ में स्वर्ण जीते। हेमा बिष्ट ने पांच किमी पैदल चाल में स्वर्ण, शॉटफुट में सिल्वर व लंबी कूद में भी सिल्वर पाया। रमा जोशी ने 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण, 5000 मीटर पैदल चाल में रजत अपने नाम किया। अध्यक्ष पूरन चंद्र भट्ट ने बताया कि लक्ष्मण ऐंठानी को गेस्ट ऑफर ऑनर का सम्मान भी मिली।

# बंगाली कल्याण समिति प्रदेश कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी के नेतृत्व में सोमवार को समिति का विस्तार किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश से लेकर क्षेत्रीय स्तर तक कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियाँ की गईं। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने तथा समाजहित के मुद्दों को आगे बढ़ाने पर विशेष चर्चा हुई। समिति द्वारा पूर्व में घोषित चुनाव के तहत सात पदाधिकारियों का चयन पहले ही निर्विरोध हो चुका था। जबकि शेष पदों पर विस्तार कर जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। नवगठित टीम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में एडवोकेट प्रियजीत राय, महासचिव डॉक्टर नारायण चंद्र हालदार,



प्रदेश मंत्री पद पर डॉ. सुमित राय, उत्तम आचार्य, काजल राय और गोविंद राय को नियुक्त किया गया। संगठन सचिव की जिम्मेदारी भास्कर मंडल को मिली, जबकि अभिमन्यु साना को उप सचिव बनाया गया। कोषाध्यक्ष का पद संजीत खान को सौंपा गया। क्षेत्रीय स्तर पर विजय सिकदार, पानू सरकार, मानवेन्द्र राय और सुरंजन राय को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। प्रदीप शाह को ऑडिटर नियुक्त किया गया। प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी शिवपद सरकार निभाएंगे, वहीं प्रदेश मीडिया प्रभारी के रूप में सत्यजीत सरकार और मीडिया प्रभारी के रूप में प्रकाश अधिकारी को नियुक्त किया गया। सोशल मीडिया विंग में क्षेत्रीय प्रभारी की भूमिका विकास विश्वास, राजू मल्लिक, रोहित गोलदार और राज चक्रवर्ती निभाएंगे। समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम समाज के उत्थान, समुदायिक एकता और कल्याणकारी गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगी।

# एसडीजी अचीवर सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रेनु भण्डारी ने अवगत कराया कि जनपद में उत्कृष्ट कार्य कर रहे व्यक्तियों, सामाजिक संगठनों, संस्थानों, समूहों तथा कॉरपोरेट इकाइयों के चयन हेतु 'एसडीजी अचीवर 2024-25' के लिए नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस पुरस्कार का उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों को सम्मानित करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से कार्यरत व्यक्तियों और संस्थाओं का उत्साहवर्धन होगा तथा अन्य लोगों को भी एसडीजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। इससे एसडीजी का स्थानीकरण ग्राम और विकासखंड स्तर तक सुदृढ़ हो सकेगा। इस वर्ष एक नई श्रेणी 'एसडीजी यंग अचीवर पुरस्कार' भी जोड़ी गई है, जिसमें 15 से 29 वर्ष आयु के वे युवा शामिल होंगे जो अपने नवाचारों से उत्तराखंड में सतत परिवर्तन ला रहे हैं। पुरस्कार जनपद के विभिन्न क्षेत्रों/गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, कुपोषण, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, आजीविका, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण, जल, पेयजल एवं स्वच्छता, ऊर्जा, उद्योग, उद्यमिता, जलवायु परिवर्तन, वानिकी, उद्यान, आर्थिक मुद्दे तथा सीएसआर आदि में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों पर आधारित होगा। नामांकन भेजने की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपना पूर्ण विवरण/नामांकन uk.cppgg@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# युवक ने की महिला से छेड़छाड़, केस दर्ज

किच्छा। एक महिला द्वारा एक युवक पर रास्ता रोक कर छेड़खानी करने के संबंध मेंशिकायत दर्ज की है पुलिस ने शिकायतकर्ता महिला शगुन पुत्री महेंद्र पाल निवासी विकास कॉलोनी वार्ड नंबर 16 की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में छोटे पुत्र नाथू लाल निवासी विकास कॉलोनी किच्छा पर महिला ने आरोप लगाया है कि वह आए दिन उसका रास्ता रोक कर छेड़खानी करता रहता है तथा मना करने पर धमकी देते रहता है कई बार समझाने पर भी वह नहीं मान रहा है।

# शादी में आये युवक की बाइक चोरी

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में विवाह समारोह में शिरकत करने गए युवक की बाइक पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित बाइक स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 7, ट्रक यूनियन गली, किच्छा निवासी रमेश लाल पुत्र गिरधारी लाल ने बताया कि रविवार 30 नवंबर की रात्रि करीब 10 बजे उसका पुत्र बिन्टू अपनी हीरो हॉडा बाइक संख्या यू.के. 06 ए एल 7705 से नगर के पुरानी गल्ला मंडी में आयोजित विवाह समारोह में शिरकत करने गया था। इस दौरान बिन्टू ने अपनी बाइक को पंडाल के बाहर खड़ी अन्य बाईकों के साथ लॉक लगाकर खड़ा कर दिया। बताया कि विवाह कार्यक्रम में शिरकत के बाद करीब 11 बजे जब वह बाइक लेने मौके पर पहुंचा तो ज्ञात हुआ कि अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक पर हाथ साफ कर दिया है। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगने पर सोमवार की सुबह पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा बाइक बरामद करने की गुहार लगाई। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर बाइक की तलाश प्रारंभ कर दी है।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कलकत्ता चौकी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में नशा तस्करों से 17 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। पुलिस ने नशा तस्कर को शराब बरामद करते हुए गिरफ्तार कर लिया प्राप्त जानकारी के अनुसार कलकत्ता पुलिस चौकी को सूचना मिली राजस्थान फॉर्म के गेट के करीब 100 मीटर के द्वारा डांग की तरफ जाने वाली रास्ते पर एक व्यक्ति कच्ची शराब लेकर जा रहा है पुलिस द्वारा सूचना प्रदान कार्यवाही करते हुए व्यक्ति को पकड़ा तो उसने अपना नाम भी सिंह फोटो गुरमीत सिंह निवासी धौरा डाम नजीबाबाद किच्छा बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की कारवाई की है।

## पेज एक का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर ...**को लेकर वर्ष 2007 में भी हाईकोर्ट ने आदेश पारित किए थे। तब प्रशासन ने 2400 वर्गमीटर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया था। 2013 में उन्होंने गौला नदी में हो रहे अवैध खनन और गौला पुल के क्षतिग्रस्त होने के मामले में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान रेलवे भूमि के अतिक्रमण का मामला फिर से सामने आ गया। 9 नवंबर 2016 को कोर्ट ने याचिका निस्तारित करते हुए रेलवे को दस सप्ताह के भीतर समस्त अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद अतिक्रमणकारियों और प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट में एक शपथ पत्र देकर उक्त जमीन को प्रदेश सरकार की नजूल भूमि बताया लेकिन 10 जनवरी 2017 को कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। बताते हैं कि इसके विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में कई विशेष याचिकाएं दाखिल हुई। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमणकारियों और प्रदेश सरकार को निर्देश दिए कि वह अपने व्यक्तिगत प्रार्थना पत्र 13 फरवरी 2017 तक हाईकोर्ट में दाखिल करें और इनका परीक्षण हाईकोर्ट करेगा। इसके लिए तीन माह का समय दिया गया। छह मार्च 2017 को कोर्ट ने रेलवे को अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली अधिनियम 1971 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर याचिकाकर्ता जोशी ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की। रेलवे और जिला प्रशासन ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा लेकिन कब्जा तब भी नहीं हटा। जोशी ने 21 मार्च 2022 को हाईकोर्ट में एक और जनहित याचिका दायर कर कर कहा कि रेलवे अपनी भूमि से अतिक्रमण हटाने में नाकाम साबित हुआ है। 18 मई 2022 को कोर्ट ने सभी प्रभावित व्यक्तियों को अपने तथ्य न्यायालय में रखने के निर्देश दिए लेकिन अतिक्रमणकारी उक्त भूमि पर अपना अधिकार साबित करने में विफल रहे। 20 दिसंबर 2022 को कोर्ट ने फिर से रेलवे को अतिक्रमणकारियों को हफ्ते भर का नोटिस जारी करते हुए अतिक्रमण हटाने संबंधी निर्देश दिए। बाद में यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया जहां इस पर फैसला आना है जिस पर सबकी निगाह टिकी हुयी है। फैसले के बाद तनाव की स्थिति न हो इसको देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। दरअसल रेलवे भूमि पर पिछले साल अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसा हुई थी, जिसमें कई लोग मारे गए और घायल हुए थे। उपद्रवी भीड़ ने तब थाने तक आगजनी की थी, और इस घटना का मुकदमा अभी भी चल रहा है। यही कारण है कि प्रशासन ने इस संवेदनशील मामले में व्यापक तैयारी की है। सुनवाई से पहले बनभूलपुरा क्षेत्र में तीन एसपी, चार सीओ, आठ से अधिक इंस्पेक्टर, आठ एसएचओ/एसओ, 400 से अधिक पुलिसकर्मी, दो कंपनी पीएसी, फायर यूनिट और टियर गैस स्क्वायड तैनात किए गए हैं। एसएसपी मंजूनाथ टीसी आज सुबह से ही खुद अलर्ट रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा कानून व्यवस्था बिगाड़ने या सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई तो उसके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सम्मान करने की अपील भी की। इसके अलावा एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, एसपी/क्षेत्राधिकारी लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी अमित कुमार सैनी और प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील जोशी समेत अन्य अधिकारी भी मोर्चे पर तैनात हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और किसी भी तरह की उपद्रव या हिंसा में भाग न लें। समाचार लिखने तक मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं आया था।

**डाई फूट बेचने..**गया कि पहले भेजी गई राशि वापस की जा रही है, और पूरी राशि भुगतान करनी होगी। आरोपी ने भगवान दास को अपने मोबाइल पर कोड डालने के लिए कहा। पीड़ित ने बताया कि उसने मुझे 21080 कोर्ड अपने फोन पे(यूपीआई) पर डालने को कहा, मैने वो कोर्ड अपने फोन पे पर डाला तो उसने मुझ से कहा कि यह कोर्ड गलत हो गया है आप 31080 डालो जिसके बाद मैने अपने फोन पे में 31080 कोर्ड डाला, उसके बाद उसने कहा कि यह कोर्ड भी गलत है तथा उसने मुझे 4981 कोर्ड बताया मैने अपने फोन पे में 4981 कोर्ड डाला तो मुझे अपने मोबाइल पर बैक से पैसे कटने के मैसेज आने लगे तो मुझे शक हुआ कि मेरे साथ साईबर ठगी हो रही है। कुल मिलाकर एसबीआई खाते से 57,141 रुपये की ठगी की गई। भगवान दास ने इस संबंध में ऑनलाइन शिकायत (1930) दर्ज कराई और साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन रुद्रपुर में रिपोर्ट कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**युवक का शव..**साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वहां खड़े लोगों से युवक के बारे में जानकारी ली लेकिन कोई भी उसे पहचान नहीं पाया। जिस पर पुलिस ने युवक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया और मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये।

**पिकप डिवाइडर से ...**हो गये। दोनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। जबकि वाहन चालक की हालत को गंभीर बताया जा रहा है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर मृतक प्रदीप के शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक प्रदीप के परिजन भी आ गये और उनमें कोहराम मच गया।

**फर्जी पुलिस अफसर..**मुझे भेजो। महिला ने बताया कि वह घबरा गयी और परिचित को बोल कर यूको बैंक खाते में 45000 तथा 25000 कैश जमा करवा दिया। फिर फोन आया कि एसपी साहब मान नहीं रहे है 50,000 रूपये और भेजो फिर परिचित को बोल कर बताये गये खाते में 50,000 केश जमा कर दिये। फिर और रुपयो की मांग करने लगा। परिजित को जब जानकारी दी तो उन्होंने बताया कि यह सब फ्रॉड है तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पुलिस नेतहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**दबंग उठा ले गये...**जबरन उसके प्लांट में घुस आए और कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करते हुए 2100 लीटर एल.डी.ओ (लिक्विड) से भरे टैंक को उठाकर जबरन अपने साथ ले गए। शिकायतकर्ता के अनुसार एल.डी.ओ का टैंक ले जाने के चलते प्लांट बंद हो गया और सरकारी रोड निर्माण का कार्य बीच में रोकना पड़ा। फिलहाल पुलिस ने चंद्र सिंह की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**स्कूल बस ने स्कूटी..** सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे ने मय फोर्स के मौके पर पहुँचकर आस-पास मौजूद व्यक्तियों से उक्त घटना के बारे में पूछताछ की। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। साथ ही स्कूटी व बस को कब्जे में ले लिया।

**सेना का अंग बने...** न्यौछावर करने की कसम उठाई। इस अवसर पर धर्मग्रंथ के साथ सेना के धर्मगुरुओं ने उन्हें कसम दिलाई। अग्निवीरों के माता-पिता, भाई-बहन और अन्य स्वजन इस गौरवपूर्ण पल के साक्षी बने।

**संदिग्ध हालातों...**जाएगा। इसके लिए उसने उसे ई-रिक्शा में आने के लिए 200 रुपये भी दिए थे। लेकिन जब दोपहर 2:00 बजे तक रचित वापस नहीं लौटा, तो परिवार ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। भवानी शंकर ने थाना ट्रांजिट कैम्प में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**चट मंगनी...**नेताओं के जम्मू कश्मीर में चल रहे राजनीतिक कार्यक्रम से फारिग होते ही चट मंगनी पट शादी की तर्ज पर ठुकराल का कांग्रेस में प्रवेश हो सकता है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रुद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ट्रक चालकों की मनमानी से लोग परेशान

## जाफरपुर दिनेशपुर मार्ग पर होराइजन कंपनी के ट्रक चालक की लापरवाही के चलते टेंपो सवार आधा दर्जन सवारी बाल बाल बचे

दिनेशपुर( उद संवाददाता)। दिनेशपुर जफरपुर मार्ग पर स्थित होराइजन पैकेज प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के सामने कंपनी के ट्रक चालकों की मनमानी आए दिन हादसो को दावत दे रही है। चालक बेतरतीब ढंग से ट्रक खड़े कर देते हैं। इससे सड़क पर दो पहिया तथा टेंपो वाहन के गुजरने के लायक जगह भी नहीं बचती है। जिससे सड़क हादसे होना लाजमी है। इसका उदाहरण दिनेशपुर से सवारी लेकर जा रही टेंपो को कंपनी के एक ट्रक द्वारा टक्कर मारने की कोशिश की गई। टेंपो चालक की सूझबूझ के कारण हादसा टल गया और सभी सवारी बाल बाल बच गए। सभी लोगों ने ट्रक चालक से बात करने की कोशिश की उल्टा ट्रक चालक ने गाली गलौज और टेंपो चालक को मारने तक की कोशिश की। इस मामले में कंपनी के संबंधित अधिकारी कर्मचारी अजय कुमार से वार्ता की गई लेकिन अजय कुमार ने इस पर चुप्पी सादे रहे कोई जानकारी नहीं दी। टेंपो चालक शंकर कुमार मंडल ने बताया की जफरपुर की ओर से आ रहे



ट्रक ने बिना लाइट दिए कंपनी की तरफ मोड़ दिया अचानक और अचानक मेरी सवारी बैठी टेंपो टक्कर लगने से बाल बाल बच गए जैसे ही मैंने टेंपो रोक कर ड्राइवर से बातें करने की कोशिश की उल्टा गाली गलौज और करने की ध मकी दी मेरे पक्ष में टेंपो से उतरकर महिलाएं ने भी ड्राइवर से बातें करने की कोशिश की लेकिन उनसे भी ट्रक चालक ने बदतमीजी से बातें की। बताया कि आए दिन सड़क के दोनों और लंबी-लंबी कतारें लगी कंपनी की ट्रक खड़ी रहती है जिससे राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। इस मामले में दिनेशपुर पुलिस को कई बार जानकारी दी गई। सिर्फ दो तीन दिन सभी ट्रक कंपनी के अंदर लगा देते हैं फिर कुछ दिन बाद वैसा सड़क के दोनों और ट्रक खड़ी रहती है। वही



टेंपो में बैटरी सवारी चक्की मोड निवासी गीता देवी का कहना है बीच सड़क से ट्रक दौड़ते हुए आए और अचानक कंपनी की ओर मोड़ दिया हमने जानकारी की तो ट्रक चालक के द्वारा हमसे भी गाली गलौज करने लगा। मौके से गुजर रहे बाइक सवार सूरज कुमार ने बताया पूरी सड़क पर ट्रैकों के खड़े होने से दो पहिया चालक सड़क के किनारे बने फुटपाथ से गुजरते हैं। बताया कि आए दिन इस कंपनी के लापरवाही के कारण कई सड़क हादसे हो चुके हैं कई लोग घायल हो चुके हैं। लेकिन कंपनी के कानों में जू तक नहीं रेंगी।

मामले की जानकारी संज्ञान में आयी है कंपनी की ओर से सड़क किनारे लगाई गई ट्रक की लंबी-लंबी लाइन के मामले में कंपनी से वार्ता की जाएगी, फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

थाना अध्यक्ष, रविंद्र विष्ट




## यूपी के लखीमपुर खीरी में दो सिख युवकों की पिटाई पर की कड़ी निंदा

नानकमत्ता। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने यूपी के लखीमपुर खीरी में दो सिख युवकों के साथ स्थानीय लोगों द्वारा मारपीट की घटना को संज्ञान में लेते हुए घटना की कड़ी निंदा की है। गुरुद्वारा कमेटी की बैठक प्रधान प्रधान जोगिंदर सिंह संध की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में दो सिख युवकों की स्थानीय लोगों द्वारा बर्बरता पूर्वक की गई पिटाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों के द्वारा सिख युवकों के साथ इस तरह की मारपीट करना मानवीय तरीके से बिल्कुल भी सही नहीं है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी जल्द ही गुरुद्वारे के डायरेक्टर की कमेटी बनाकर धर्म प्रचार कमेटी के अध्यक्ष सरदार गुरबाज सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि जल्द ही पीड़ितों से मिलेगा। जो की प्रतिनिधि मंडल सिख समाज की संस्थाओं के साथ सामंजस्य से बनाकर अग्रिम कार्यवाही के लिए योजना बनाएगा। भाई पीड़ित परिवार की गुरुद्वारा कमेटी हर संभव सहायता करेगी। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी के महासचिव अमरजीत सिंह सचिव हरभजन सिंह, सुखवंत सिंह पन्नू सरदार कुलदीप सिंह अमरजीत सिंह गुरवाज सिंह,गुरवंत,सिंह, प्रकाश सिंह गुरदयाल सिंह आदि मौजूद थे।

## सनातन धर्म में समानता लाने को पीएम को भेजा ज्ञापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सीता राम सेना के केंद्रीय अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद राठौर व महासचिव मिंटू जौहरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक ज्ञापन प्रेषित कर उनसे सनातन ध र्म में समानता लाने का आग्रह किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत का प्राचीन समाज सनातन धर्म पर आध ारित था, जिसका मूल उद्देश्य सत्य, अहिंसा, धर्म, करुणा और समानता था।किन्तु समय के साथ इसमें सामाजिक ढाँचे के रूप में वर्ण व्यवस्था और बाद में जाति व्यवस्था विकसित हुई।इन दोनों के अर्थ और उद्देश्य में गहरा अंतर है।वर्ण व्यवस्था का मूल स्वरूप वैदिक काल में समाज के कार्यों को व्यवस्थित करने के लिए



बनाई गई थी। इसका आधार गुण और कर्म था, न कि जन्म।चार वर्ण ब्राह्मण ज्ञान, शिक्षा और पूजा के कार्य हेतु, क्षत्रिय रक्षा, शासन और वीरता के कार्य हेतु, वैश्य व्यापार, कृषि और आर्थिक व्यवस्था हेतु व शूद्र सेवा, श्रम और समाज की सहायता हेतु है।अब व्यक्ति की पहचान उसके कर्म या गुण से नहीं, बल्कि जन्म से तय होने लगी है।इससे समाज में ऊँच नीच, छुआछूत और भेदभाव जैसी बुराइयाँ फैल गईं। जो पहले कार्य विभाजन था, वह मानव विभाजन बन गया।सनातन धर्म की सच्ची भावना सबका कल्याण, सबका सम्मान है। कभी भी जातिगत ऊँच नीच बनाना नहीं था। इसलिए आज आवश्यकता है कि हम सनातन धर्म के असली स्वरूप समानता, करुणा और कर्मप्रधान जीवन को अपनाएँ, और जन्म पर आधारित भेदभाव को त्यागें। प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया है कि आप सनातन धर्म का गौरव वापस दिलाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का कष्ट करेंगे।

# चोरों ने घर से उड़ाये लाखों के जेवरात

गदरपुर(उद संवाददाता)। सकेनिया चौकी क्षेत्र में एक के बाद एक चोरियों की घटनाएं बढ़ रही है और चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब चौकी से मात्र 50 मीटर की दूरी पर भी चोरी करके पुलिस को चुनौती दे रहे है। रात्रि हुई चोरी से पुलिस की रात्रि गस्त पर भी सांवलिया निशान उठने लगे हैं। रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने चौकी से चंद कदमों की दूरी पर लाखों रुपए की चोरी कर फरार हो गए सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई।प्राप्त जानकारी के अनुसार सकैनिया चौकी के पास में रहने वाली महिला हिना चौधरी अपने परिवार सहित सितारगंज एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी कि बीती रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने उनके घर के ताले तोड़कर सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर चोरी कर लिया हिना चौधरी ने बताया कि उन्हें फोन के माध्यम से सूचना मिली और वह आनन फानन में जब घर पहुंची तो देखा की मुख्य दरवाजे के कमरे का ताला टूटा हुआ है और कमरे के अंदर सारा सामान फैला हुआ है अंदर के यह हालत देखकर उनके होश उड़ गए उन्होंने तुरंत मामले की मौखिक शिकायत नजदीकी सकैनिया पुलिस चौकी में दी सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई पीड़ित हिना चौधरी का कहना है कि उनकी पुत्री घर आई हुई थी जिसके सोने और चांदी के जेवरात चोरी हो गए हैं और उनकी छोटी किराने की दुकान के गल्ले में रखे लगभग 3000 भी चोरों के द्वारा चोरी कर लिए गए हैं वही जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय चौधरी भी मौके पर पहुंचे और पुलिस की रात्रि अगस्त पर भी सांवलिया निशान उठाएं ।



## पुलिस की रात्रि गश्त पर उठे सवाल

गदरपुर। सकैनिया चौकी से सटे एक घर में अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर लाखों रुपए का माल समेट लिया और फरार हो गए सूचना मिलने पर सुबह पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि संजय चौधरी ने पुलिस की रात्रि गस्त पर सवाल उठाए और बताया कि पुलिस चौकी के पास जब लोग सुरक्षित नहीं है तो अन्य जगहो पर क्या हाल होगा। बताया कि चोरी के बारे में पीड़ित ने पुलिस को मौखिक शिकायत करी तो पुलिस ने पहले तहरीर मांगी जबकि इतनी बड़ी घटना चौकी के पास हुई है इसमें पुलिस को सर्वप्रथम शिकायत पर जांच करनी चाहिए तहरीर तो बाद में भी मिल जाएगी उन्होंने आगे बताया कि अभी बीते कुछ दिन पूर्व भी सकैनिया क्षेत्र में कुछ मोटरों की तार अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई थी जिसमें उनकी भी एक मोटर थी पुलिस को तहरीर दे दी गई है लेकिन अभी तक मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

